


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-197 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 15 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संक्षेप

### दिल्ली टेस्ट में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया

**नई दिल्ली,14 अक्टूबर।** कुलदीप यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने मैच में 8 विकेट झटके। कुलदीप को पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 3 विकेट मिले। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। टीम ने मंगलवार को दूसरे टेस्ट में इंडीज को 7 विकेट से हराया। भारत ने पहला टेस्ट पारी और 140 रन से जीता था। दिल्ली टेस्ट में भारत को 121 रन का टारगेट मिला था, जिसे भारत ने तीन विकेट पर हासिल कर लिया। केएल राहुल ने चौका लगाकर जीत दिलाई। वे 58 रन बनाकर नाबाद लौटे। शुभमन गिल ने बतौर कप्तान पहली टेस्ट सीरीज जीती है। एक दिन पहले फॉलो ऑन खेल रही वेस्टइंडीज दूसरी पारी में 390 रन पर ऑलआउट हो गई। पहली पारी में भारत ने 518 और वेस्टइंडीज ने 248 रन बनाए। भारत को पहली पारी में 270 रन की बढ़त मिली थी। भारत की पहली पारी में कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद 129 और यशस्वी जायसवाल ने 175 रन बनाए।

### वर्ली स्टेशन से 'नेहरू' नाम हटाने पर विवाद

**मुंबई ,14 अक्टूबर ।** मुंबई मेट्रो 3 के वर्ली स्टेशन से 'नेहरू' नाम हटाए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए इसे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की स्मृति का अपमान बताया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जानबूझकर 'नेहरू' नाम हटाकर स्टेशन का नाम केवल 'साइंस सेंटर' रखा, क्योंकि उन्हें 'नेहरू' नाम से एलर्जी है। कांग्रेस का कहना है कि वर्ली का यह इलाका लंबे समय से 'नेहरू साइंस सेंटर' के नाम से जाना जाता है। यहां तक कि मुंबई मेट्रो 3 के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर 'डिस्कवरी हब्स' की सूची में भी इस स्थान को 'नेहरू साइंस सेंटर' ही कहा गया है। पार्टी ने इसे पंडित नेहरू के योगदान को मिटाने की साजिश करार दिया और चेतावनी दी कि अगर स्टेशन का नाम 'नेहरू साइंस सेंटर' नहीं रखा गया तो वे आंदोलन शुरू करेंगे। वहीं, सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मेट्रो परियोजना का प्रस्ताव जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने रखा था, तभी से इस स्टेशन का नाम 'साइंस सेंटर' प्रस्तावित था। सरकार ने स्पष्ट किया कि इसमें कोई राजनीति नहीं की गई है और कांग्रेस को इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए।

### आईपीएस ओपी सिंह बने हरियाणा के कार्यवाहक डीजीपी

**पंचकूला ,14 अक्टूबर ।** आईपीएस वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले में सात दिन बाद बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। हरियाणा सरकार ने पुलिस महानिदेशक (ष्ठत्रक्क) शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया है। उनकी जगह आईपीएस ओम प्रकाश सिंह को राज्य का कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। मामले में वाई पूरन कुमार की पत्नी, आईएएस अधिकारी अमनीत पी. कुमार, उनके विधायक साले अमित रतन कोटफत्ता और कई दलित संगठनों की ओर से लगातार यह मांग की जा रही थी कि डीजीपी और एसपी को पद से हटाया जाए, उन्हें गिरफ्तार किया जाए या निलंबित किया जाए। इससे पहले सरकार रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजरानिया का तबादला भी कर चुकी है।घटना को सात दिन बीत जाने के बाद भी आईपीएस वाई पूरन कुमार का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। सोमवार शाम पुलिस ने परिवार को दूसरा पत्र जारी किया, जिसमें चेतावनी दी गई है कि यदि समय पर पोस्टमार्टम नहीं कराया गया तो साक्ष्यों के नष्ट होने का खतरा बढ़ सकता है। इससे पहले रविवार को भी पुलिस ने अमनीत पी. कुमार को इसी संबंध में नोटिस भेजा था.

## 1.5 करोड़ के इनामी नक्सली भूपति समेत 60 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**कांकेर,14 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सल मौर्चे पर सुरक्षा बल को बड़ी सफलता हासिल हुई है। जहां आज मोस्ट-वांटेड नक्सली मोझुल्ला उर्फ भूपति उर्फ सोनू दादा समेत लगभग 60 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। भूपति बड़े कैडर का नक्सली है और वह छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में नक्सली नेटवर्क का सक्रिय सदस्य माना जाता है। उस पर लगभग 1.5 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोनू दादा ने सरकार के समक्ष हथियार समेत आत्मसमर्पण करने की बात कही। उसके बयान के



बाद नक्सली संगठन में आपसी मतभेद और फूट देखने को मिली। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों से पुलिस और सुरक्षा बल फिलहाल पूछताछ कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली विभिन्न रैंकों में शामिल हैं, जिनमें डिवीजन कमेटी मेंबर और एरिया कमेटी मेंबर भी शामिल हैं। कई नक्सली पहले भी बड़ी मुठभेड़ों में भाग ले चुके हैं और उनकी भूमिका गंभीर मानी जाती है।यह घटना नक्सलवाद पर सरकार की सख्त कार्रवाई और "लोन वर्राटू" अभियान की सफलता का संकेत भी है। उल्लेखनीय है कि इससे लगभग 20 दिन पहले छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में इसी अभियान के तहत 71 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। इनमें 21 महिला और 50 पुरुष नक्सली शामिल थे। उस समूह में 30 नक्सलियों पर कुल 64 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

## करेंगुट्टा पहाड़ी पर जवानों को मिला हथियारों का जखीरा

**बीजापुर,14 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों को सर्च अभियान के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है. ताड़पाला बेस कैम्प के पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के हथियारों का जखीरा मिला है. कार्रवाई में नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट किए गए 5 आईईडी (Improvised Explosive Device) को बरामद किया गया है. दरअसल, उसूर थाना अंतर्गत क्षेत्र ताड़पाला बेस कैम्प से कोबरा 206, केरिपु 229, 153 और 196 की संयुक्त टीम ने KGH Foothills क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया. इस दौरान दोपहर करीब 3 बजे नक्सलियों द्वारा छिपाए गए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और




बीजीएल बनाने की सामग्री बरामद किया गया. जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए 5 आईईडी भी बरमाद किए गए. इसके बाद बीडीएस (बम डिस्पोजल स्क्वाड) टीम ने मौके पर आईडी को सुरक्षित रूप से डिफ्यूज कर दिया.

## गूगल विशाखापत्तनम में खोलेगा 15 अरब का एआई सेंटर

**हैदराबाद,14 अक्टूबर।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने विशाखापत्तनम में पहला गूगल एआई हब स्थापित करने की योजना की घोषणा की, इसे एक ऐतिहासिक विकास कहा जो गीगावाट-स्केल कंप्यूट क्षमता, एक नया अंतरराष्ट्रीय सब-सी गेटवे और बड़े पैमाने पर ऊर्जा बुनियादी ढांचे को जोड़ेगा। पिचाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के



आधिकारिक ट्विटर हैंडल से विशाखापत्तनम में पहले गूगल एआई हब के लिए हमारी योजनाओं को साझा करने के लिए बातचीत करना बहुत अच्छा लगा, जो एक ऐतिहासिक विकास है। यह घोषणा नई दिल्ली में गूगल द्वारा आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम भारत एआई शक्ति के दौरान की गई, जहां कंपनी ने विशाखापत्तनम हब के निर्माण के लिए अगले पांच वर्षों में 15 बिलियन डॉलर के निवेश की योजना का भी अनावरण किया - जो संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर इसकी सबसे बड़ी एआई सुविधा है। गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन ने कहा कि यह नया केंद्र विशाखापत्तनम को एआई नवाचार का एक वैश्विक केंद्र बनाएगा, जो न केवल भारत, बल्कि एशिया के अन्य हिस्सों और उससे आगे भी सेवाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह गीगावाट-स्तरीय एआई केंद्र स्थानीय स्तर पर डेटा संग्रहीत करेगा और विभिन्न क्षेत्रों में आई-संचालित समाधानों को सशक्त बनाने में मदद करेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह निवेश भारत के डिजिटल विकास के प्रति गूगल की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और स्थायी, स्थानीय रूप से एकीकृत डेटा अवसंरचना पर इसके फोकस को दर्शाता है। कार्यक्रम में उपस्थित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि यह परियोजना 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के विजन के अनुरूप है। नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट मत था कि इसके लिए गूगल को भारत आना होगा।

## कुपवाड़ा जॉइंट ऑपरेशन में 2 आतंकी ढेर

**श्रीनगर,14 अक्टूबर।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर एक संयुक्त अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया।

इस सफल मुठभेड़ के दौरान भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए, जिससे क्षेत्र में संभावित घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया गया। भारतीय सेना ने बताया कि सोमवार शाम जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकवादी मारे गए। आधिकारिक बयान के अनुसार, संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद भारतीय सेना के जवानों ने गोलीबारी की। घटना के बाद भारतीय सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में तलाशी अभियान जारी है। भारतीय सेना के अधिकारियों द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा दी गई विशिष्ट खुफिया जानकारी और सूत्रों व एजेंसियों द्वारा पुष्टि की गई संभावित घुसपैठ की कोशिश के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 13 अक्टूबर 2025 को कुपवाड़ा के मच्छल सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। सतर्क सैनिकों ने



संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैनिकों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि भारी मात्रा में हथियार और उपकरण बरामद किए गए हैं। सर्दियों की शुरुआत के साथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों से हाई अलर्ट पर रहने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार घुसपैठ करने के लिए बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम की स्थिति का फायदा न उठा सकें। भाजपा नेता का यह निर्देश दिल्ली में शाह की अध्यक्षता में केंद्र शासित प्रदेश की जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान आया।

## गाजा सम्मेलन से भारत के 3 बड़े कूटनीतिक संदेश

**नई दिल्ली,14 अक्टूबर।** गाजा में दो साल से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए हुए समझौते के तहत हमास ने सभी 20 बचे हुए जिंदा बंधकों को रिहा कर दिया, जबकि इस्राइल ने 1,900 से अधिक फलस्तीनी कैदियों को आजाद किया। तेल अवीव में होस्टेज स्क्वेयर पर हजारों लोग बंधकों की वापसी का जश्न मनाने जुटे। वे इस्राइली झंडे लहराते हुए नारे लगाते हुए कह रहे थे कि यह नश्न दुश्मनों की मौत का नहीं, अपनों की जिंदगी की जीत का है। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह इजिप्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से मिले। कीर्तिवर्धन गाजा शांति शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे हैं। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रतिनिधि के तौर पर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच, कांग्रेस सांसद शशि थरूर का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी की जगह राज्य मंत्री को



भेजना एक गलत कूटनीतिक कदम था, खासकर तब जब शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति देखी गई। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत करता है और आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "यह बातचीत और कूटनीति के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। ट्रंप को ज्यादा भाव देने के मूड में नहीं भारतः प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने विदेश मंत्री जयशंकर के जूनियर को गाजा शांति शिखर सम्मेलन में भेजने का फैसला किया। यह अच्छी तरह जानते हुए कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ हाथ मिलाने और फोटो खिंचवाने का मौका मिलेगा। ट्रंप पीएम मोदी की तारीफ करने का कोई मौका नहीं चूकते लेकिन वहीं कई अपुष्ट व्यापार मुद्दों पर भारत की आलोचना भी करते रहे हैं। शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं को संबोधित करते हुए ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना महान मित्र बताया, यह बात उन्होंने पहले भी कई बार कही है। पाकिस्तान के साथ स्टेज शेयर नहीं: पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ के इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद थी, जिससे ट्रंप और पाकिस्तानी नेता को एक कूटनीतिक फ़ोटो खिंचवाने का मौका मिला।

### दक्षिण सूडान में बाढ़ से बिगड़े हालात, 8.9 लाख लोग प्रभावित

**नई दिल्ली,14 अक्टूबर।** दक्षिण सूडान में भारी बारिश और नील नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण भयंकर बाढ़ आई है, जिससे अब तक लगभग 8.9 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। यह संख्या तीन हफ्ते पहले की तुलना में दोगुनी हो गई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप-प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि देश के कई हिस्सों में अब भी लगातार बारिश हो रही है और नील नदी का पानी आसपास के क्षेत्रों में भर चुका है। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर जोंगलेई और यूनिटी राज्यों में देखा जा रहा है, जहां हजारों लोग ऊंचाई वाली जगहों पर शरण ले रहे हैं।

## धर्मांतरण और चंगाई सभा को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान

**रायपुर,14 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई कलेक्टर्स-एसपी कॉन्फ्रेंस में धर्मांतरण और चंगाई सभा को लेकर चर्चा की गई, जिसपर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफ जल्द सख्त कानून आएगा, जो देश में सबसे सशक्त कानून होगा. चंगाई सभा बंद होना चाहिए, यह लोगों को भ्रमित करने के लिए होता है. प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने 3-4 जिलों के पुलिस अधीक्षकों को फटकार लगाई थी. इसे लेकर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी एसपी को हिदायत दी है. जिनका परफॉर्मेंस बेहतर नहीं है, उन्हें परफॉर्मेंस सुधारने का आखिरी मौका दिया गया है. मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि अगर परफॉर्मेंस ठीक नहीं होने पर निर्णय लिया जाएगा.



**कांग्रेस के बयान पर पलटवार**-बिहार चुनाव में भाजपा नेताओं के जाने को लेकर कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए विजय शर्मा ने कहा कि पदयात्रा का विषय अच्छा है और भाव भी अच्छा है, लेकिन कांग्रेस नेता को यह भी बताना चाहिए कि उनके नेता ने जो पदयात्रा की थी, उसका परिणाम क्या निकला. उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कैसे जाएंगे, यह कांग्रेस छोड़ दें. हमें पूरा विश्वास है कि बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी. सीटों का बंटवारा भी पूरी तरह से हो चुका है और हम पूरी ताकत के साथ एनडीए की जीत सुनिश्चित करने में जुटे हैं. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब देखना यह है कि वे वहां जाकर वास्तव में लड़ाई करेंगे या टिकट बेचेंगे, उम्मीद है कि इस बार वे कुछ अच्छा करेंगे.

## चिराग पासवान का दावा: बिहार एनडीए में सीटों का पेंच सुलझा

**पटना,14 अक्टूबर।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के चिराग पासवान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर घोषणा की कि बिहार में गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे का मुद्दा सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझ गया है। चिराग पासवान ने विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन के भीतर एकजुटता दिखाते हुए एक ही संदेश पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि कौन सी पार्टी किस सीट पर चुनाव लड़ेगी, इस पर चर्चा अंतिम चरण में है और सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। पोस्ट में लिखा था, "एनडीए दलों के बीच सीट बंटवारे का मुद्दा सौहार्दपूर्ण बातचीत के जरिए सुलझा लिया गया है। कौन सी पार्टी किस सीट पर चुनाव लड़ेगी, इस पर भी चर्चा सकारात्मक बातचीत के साथ अंतिम चरण में है।" पोस्ट में आगे कहा गया कि नरेंद्र मोदी जी और नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में, एनडीए के सभी दल पूरी एकजुटता के साथ पूरी तरह तैयार हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने एक्स पर यही संदेश साझा किया। हालांकि, जनता दल (यूनाइटेड) और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के नेताओं की ओर से ऐसा कोई पोस्ट नहीं आया। यह घटनाक्रम बिहार विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे को लेकर आंतरिक असंतोष की खबरों के बीच सामने आया है। रविवार को घोषित समझौते के अनुसार, भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) को 29 सीटें दी गई हैं, जबकि जीतन राम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम को छह-छह सीटें दी गई हैं। कुशवाहा और मांझी दोनों ने इस



फॉर्मूले पर असंतोष जताया, क्योंकि हम ने 40 और आरएलएम ने 24 सीटों की मांग की थी। इसके बावजूद, दोनों नेताओं ने एनडीए का हिस्सा बने रहने और साथ मिलकर चुनाव लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। एक्स पर एक पोस्ट में, कुशवाहा ने अपने समर्थकों से माफ़ी मांगी और सीमित सीटों पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, "मैं आपसे क्षमा चाहता हूँ। सीटों की संख्या आपकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं हो सकी। मैं समझता हूँ कि इस फैसले से हज़ारों-लाखों लोगों का दिल दुखेगा.

## महापौर जापान में कर रही हैं रायपुर का प्रतिनिधित्व

**रायपुर,14 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे जापान के टोयोटा सिटी में दिनांक 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम 2025 में रायपुर नगर पालिक निगम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यह तीन दिवसीय वैश्विक मंच विश्व के नगरों और संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं के बीच सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के स्थानीय क्रियान्वयन और नवाचारपूर्ण शहरी विकास पर केंद्रित है। फोरम के प्रथम दिवस पर विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने नगरों की चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार साझा किए। चर्चाओं में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग को बढ़ावा, स्कूलों में कचरे का पृथक्करण तथा "Reduce, Reuse, Recycle (RRR)" की जागरूकता को शैक्षणिक स्तर पर शामिल करने जैसे विषय प्रमुख रहे। प्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि अपशिष्ट से उपयोगी उत्पाद बनाकर पर्यावरण संरक्षण व स्थानीय रोजगार को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। जापान द्वारा प्रस्तुत Low Carbon City Masterplan के तहत "Cleaner Drains – Less Floods" और Sound Materials Cycle Society की अवधारणा साझा की गई, जिसका उद्देश्य कम-कार्बन, स्वच्छ और जलवायु-लचीले शहरों का निर्माण है। फोरम में विश्व बैंक, UN-Habitat, UNEP, UNIDO सहित जापान, कोरिया, मलेशिया, रवांडा, पाकिस्तान और ग्रीस के प्रतिनिधि शामिल हुए। मंगोलिया के उलानबटार सिटी ने Housing Board Projects, जबकि मलेशिया के पेनांग सिटी काउंसिल ने "सुरक्षित एवं लचीले आवास" विषय पर प्रस्तुति दी। युगांडा के मसाका सिटी के मेयर ने भी अनियोजित बस्तियाँ, अवसंरचना की कमी और जलवायु चुनौतियों पर अपने अनुभव साझा किए।



## टिकट कटने का डर, नीतीश कुमार के घर के बाहर धरने पर विधायक गोपाल मंडल

**पटना,14 अक्टूबर।** अक्सर ही चर्चा में रहने वाले जनता दल यूनाइटेड के विधायक गोपाल मंडल एक बार फिर चर्चा में हैं। हालांकि, इस बार उनके चर्चा में रहने की वजह थोड़ी अलग है। गोपाल मंडल पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। दरअसल इस बात की अटकलें हैं कि जदयू भागलपुर के गोपालपुर से विधायक गोपाल मंडल का टिकट काट सकती है। ऐसे में अब गोपाल मंडल टिकट दिए जाने की जिद पकड़ कर सीएम आवास के बाहर ही बैठ गए हैं। वो यहां लगातार कह रहे हैं कि उन्हें सीएम नीतीश कुमार से मिलना है, हालांकि, उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से नहीं हो पाई है। गोपाल मंडल अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर पहुंचे। यहां गोपाल मंडल ने समर्थकों के बीच कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उन्हें जदयू से टिकट मिलेगी। गोपाल मंडल ने कहा कि कुछ लोग उनका टिकट काटने की साजिश रच रहे हैं। इसलिए वो नीतीश कुमार से मिलकर अपनी बात रखना चाहते हैं। लेकिन जब सीएम नीतीश से वो नहीं मिल सके तब वो वहीं धरने पर बैठ गए। गोपाल मंडल ने कहा कि वो सीएम आवास के बाहर मौजूद हैं इसकी जानकारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दे दी गई है। वो यहां से अब टिकट लेकर ही वापस जाएंगे और जब तक उन्हें टिकट नहीं मिलता वो यहीं पर धरना देंगे। गोपाल मंडल ने कहा कि वो सुबह साढ़े आठ बजे से सीएम आवास के बाहर खड़े हैं। गोपाल मंडल कद्दावर नेता हैं लेकिन यह लोग समझे तब तो। गोपाल मंडल का टिकट कटने की अटकलों को उनके साथ मौजूद समर्थकों ने नकार दिया और उनके समर्थन में नारे भी लगाए। गोपाल मंडल ने कहा कि लाठी का प्रहार उनपर होगा तब ही वो हटेंगे। गोपाल मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री उनसे नहीं मिल रहे हैं। गोपाल मंडल ने कहा कि वो यहीं बैठेंगे।

## एक नजर

### एल्युमिनियम वायर चोरी,5 गिरफ्तार



**भिलाई, 14 अक्टूबर।** भिलाई नंदिनी थाने पुलिस ने कंपनी के गोदाम से 2 क्विंटल एल्युमिनियम वायर की चोरी करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे पुलिस ने एल्युमिनियम वायर समेत चोरी में इस्तेमाल ई-रिक्शा को भी जब्त किया है नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बतया कि मुरमुंडा से अछोटी रोड स्थित राजपूताना केबल एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के गोदाम में 6 अक्टूबर की रात 10 बजे से 7 अक्टूबर की सुबह 8 बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया। एल्युमिनियम के बिजली वायर वाले दो अलग-अलग बंडल कंडक्टर से बिजली वायर को काटकर कोई अज्ञात चोर ने 2000 किलोग्राम अल्युमिनियम वायर की चोरी कर लिया था प्रार्थी बादल ठाकर के रिपोर्ट पर अपराध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया इस दौरान विवेचना पर संदेहियों की तलाश कर आरोपी निलेश कुमार दास (30 साल ) निवासी शारदा पारा छावनी, राजकुमार(41 साल ) निवासी शारदा पारा छावनी, विजय चंद्राकर(40 साल ) निवासी श्याम नगर छावनी, विनोद गुप्ता (53 साल ) नयापारा दुर्ग और खिलेश्वरी मंडल पति राजू मंडले ( 40 साल ) निवासी कचांदूर को गिरफ्तार किया आरोपियों के पास से एल्युमिनियम वायर, घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो वाहन, एक ई रिक्शा और चार नग मोबाइल कुल कीमती लगभग 10 लाख रुपए का सामान जब्त किया है।

### ट्रैफिक पुलिस ने बच्चों को घर पहुंचाया

**भिलाई, 14 अक्टूबर।** भिलाई मालवाहक वाहन में 35 स्कूली बच्चों को बैठाकर परिवहन करते चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने रोका इसके बाद पुलिस विभाग की बस से बच्चों को घरों तक सुरक्षित पहुंचाया गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि छावनी क्षेत्र स्थित बैकुंठधाम के समीप यातायात पुलिस की चेकिंग ड्यूटी के दौरान एक मालवाहक वाहन टाटा एस को रोका गया वाहन चालक एवं स्वामी दुर्गेश वर्मा के द्वारा उक्त वाहन में लगभग 35 स्कूली बच्चों को बैठाकर परिवहन किया जा रहा था। यह कृत्य न केवल मोटरयान अधिनियम के विपरीत था, बल्कि बच्चों की सुरक्षा को अत्यधिक जोखिम में डालने वाला था यातायात पुलिस द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए वाहन को मौके पर ही रोका गया तत्पश्चात सभी बच्चों को सुरक्षित रूप से वाहन से उतारा गया एवं उन्हें पुलिस विभाग की बस के माध्यम से देवबलोदा चरोदा क्षेत्र में उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाया गया। इस संबंध में चालक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की गई है पुलिस द्वारा अभिभावकों से भी अनुरोध किया गया कि वे अपने बच्चों को केवल मान्यता प्राप्त एवं सुरक्षित स्कूल वाहन में ही यात्रा करने की अनुमति दें। इसके साथ ही ऑपरेशन सुरक्षा के तहत यातायात पुलिस दुर्ग की रोड सेफ्टी सेल ने दुर्ग-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जहां-जहां सड़क पर गड्ढे, दरारें या क्षतिग्रस्त हिस्से पाए गए, वहां पर पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई एवं नगर निगम दुर्ग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल मरम्मत एवं गड्ढा भराई का कार्य प्रारंभ कराया गया ।

### पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया

**भिलाई, 14 अक्टूबर।** भिलाई टाउनशिप एरिया में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर जांच की तो नशा करते और नशे में वाहन चलाते मिले पुलिस ने इन लोगों पर कार्रवाई की है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायत पर दो थानों के थानेदार जितेन्द्र वर्मा व भट्ठी टीआई राजेश साहू व अन्य की टीम बनाई इसके बाद सेक्टर-6 स्थित खंडहरनुमा मकानों में जांच की गई इसके बाद सिविक सेंटर और जयंती स्टेडियम में पहुंच कर कार्रवाई की कुछ लोग को शराब पीते मिले उनके खिलाफ कार्रवाई की गई वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी एक्शन लेकर कार्रवाई कर वाहन जब्त किया गया ।

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**जामुल,14 अक्टूबर।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सीमा बक्शी ने बताया कि 14 एवं 15 अक्टूबर को श्रम निकेतन स्कूल एसीसी में कुश्ती एवं बॉलीबाल, शा.उ.मा.वि. जामुल में योगासन सुरीली, कुर्सी फुगड़ी दौड़ एवं 15 अक्टूबर को त्रिपुल मैदान में खो-खो, कबड्डी, 100 मी. एवं 400 मी., एवं गेड़ी दौड़ का आयोजन होगा इसके लिए राजस्व अधिकारी हरीश साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है । सांसद खेल महोत्सव में पंजीकृत खिलाड़ियों को ही प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जायेगा । खेलों के लिए प्रभारी गण सुबह 8.00 बजे से पंजीयन प्रारंभ करेंगे पंजीयन सत्यापन का कार्य 8.00 बजे से प्रातः 10.00 बजे तक संपादित किया जायेगा समस्त खेल नाक आउट पद्धति से होगा ।

### सड़क जाम करने पर जुर्म दर्ज

भिलाई,14 अक्टूबर। भिलाई पुलगांव थाना अंतर्गत चंदखुरी में दो दिन पहले धर्मकांटा के करीब सड़क हादसे में महिला की मौत के पर हुए चक्काजाम के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मामले में गणेश चंद्राकर की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। मामले में पुलिस ने राजू निर्मलकर, अजय देशमुख, संतोष ढीमर, अभिषेक निषाद, विक्की सतनामी, मनीष चंद्राकर सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है आरोप है कि उन्होंने सड़क जाम किया। साथ ही इस दौरान लोगों से गालीगलौच की। बता दें कि घटना के दौरान चंदखुरी निवासी उतरा पति लेखराम साहू (37 साल) की मौत हो गई थी।

# बिचपुरिया ने उठाई हाउसिंग बोर्ड के 700 जर्जर मकानों की समस्या



**भिलाई, 14 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई के पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने बताया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग देव सिंह से मुलाकात कर मलयाली समाज हाउसिंग बोर्ड की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान मलयाली समाज के अध्यक्ष संजीव, महामंत्री के. लप्पन एवं अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में सिंह ने प्रतिनिधि मंडल की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बिचपुरिया ने हाउसिंग बोर्ड के अंतर्गत आने वाले लगभग 700 जर्जर मकानों की समस्या भी रखी। उन्होंने बताया कि इन मकानों में रहने वाले लोग लंबे समय से परेशान हैं और मकान खतरनाक स्थिति में पहुँच चुके हैं। इस पर अनुराग देव सिंह ने जानकारी दी कि उन्होंने एक विशेष अधिकारी को नियुक्त किया है, जो क्षेत्र का लेआउट तैयार करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो मकान जर्जर और असुरक्षित हैं, उन्हें तोड़कर नए मकान बनाए जाएंगे। वहाँ रहने वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर नए मकान आवंटित किए जाएंगे, जबकि शेष मकानों को हाउसिंग बोर्ड अपने अनुसार विक्रय करेगा। बिचपुरिया ने इस दौरान यह भी प्रश्न उठाया कि नए मकान बनने से पहले वहाँ रहने वाले लोगों को अस्थायी रूप से शिफ्ट करने की व्यवस्था क्या होगी। इस पर सिंह ने कहा कि इस विषय पर चर्चा चल रही है और उचित व्यवस्था बनाए जाने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# गतका चैंपियनशिप के विजेताओं को गजेन्द्र यादव ने किया पुरस्कृत

**दुर्ग, 14 अक्टूबर ।** भिलाई, सेक्टर-06 गुरुनानक स्कूल में 13वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप-2025 के समापन समारोह के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने प्रतियोगिता में विजेताओ को पुरस्कृत किये और खिलाड़ियों में खेल भावना और अनुशासन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिये।

स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधी एवं विधायी कार्य मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शौर्य, अनुशासन और वीरता का प्रतीक गतका खेल के राष्ट्रीय चैंपियनशिप-2025 भव्य आयोजन से जिले के खिलाड़ियों में खेल भावना को नई ऊँचाइयाँ दी हैं, बल्कि नगर का गौरव भी बढ़ा है। भारत सरकार के खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश की सरकार निरंतर प्रयासरत है। इन योजनाओं के परिणामस्वरूप आज छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# रिसाली महापौर ने दो वार्डों के लिए स्वीकृत किए 8 लाख रुपये



**रिसाली।** रिसाली निगम की महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड 10 और वार्ड 18 में विकास कार्यों के लिए 8 लाख रुपए की स्वीकृति दी। इस राशि से भवन संधारण और सीमेंटीकरण कार्य किए जाएंगे। महापौर ने दोनों वार्डों में पहुंचकर भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। महापौर शशि सिन्हा ने इस अवसर पर नागरिकों को आश्वस्त किया कि निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को क्रमवार पूर्ण कर सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने पहले वार्ड 10 का दौरा किया, जहाँ एमआईसी सदस्य जमुना ठाकुर के अनुरोध पर 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। इस राशि से ब्लॉक 249 से 252 तक के आंगनों में सीमेंटीकरण कार्य किया जाएगा। वहीं वार्ड 18 में पार्षद रेखा देवी की मांग पर 3 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई, जिससे गौरा चौड़ी निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। महापौर ने इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# लोक संस्कृति से ही जीवित रहती है छत्तीसगढ़ की पहचान:यादव



**भिलाई, 14 अक्टूबर।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी विभाग द्वारा रूसा योजना अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी की सोंधी सुगंध गांवों में ही अनुभव की जा सकती है। छत्तीसगढ़ी गीतों में हमारी परंपराएँ, नैतिक मूल्य और लोकजीवन की सच्चाई झलकती है। उन्होंने कहा कि तेज़ी से बढ़ती आधुनिकता के दौर में लोक संस्कृति की पहचान बनाए रखना हमारा नैतिक दायित्व है, क्योंकि लोक संस्कृति का ज्ञान ग्रामीण परिवेश में ही जीवंत रूप से मिलता है। मुख्य वक्ता डॉ. पी.सी.लाल यादव ने छत्तीसगढ़ी लोक कथाओं एवं लोक गाथाओं में युगीन चेतना विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि हमारे वेद और शास्त्र लोक से प्रेरणा लेकर ही बने हैं। छत्तीसगढ़ी लोक कथाएँ और लोक गाथाएँ मानवीय मूल्यों, प्रेम, करुणा, दया, समता और सद्भावना की चेतना से ओतप्रोत हैं। यही युगीन चेतना हमारे लोक साहित्य को अमर बनाती है। द्वितीय वक्ता डॉ. सियाराम साहू ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों का रचनात्मक संसार विषय पर कहा कि छत्तीसगढ़ी लोकगीत छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा हैं। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य और प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से अपनी मातृभाषा की जानकारी आवश्यक है। लोक संस्कृति वेदों की शिक्षाओं का सरल और व्यावहारिक रूप है, जिसमें छत्तीसगढ़ की अस्मिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष के. पद्मावती, डॉ. तरुण साहू, डॉ. रजनीश उमरे, डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. लता गोस्वामी, शोधार्थी अतुल केसरवानी, टेकलाल निराला, कपिल, बेलमती पटेल, निर्मला पटेल, लक्ष्मीन सहित स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन डॉ. ओमकुमारी देवांगन तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शारदा सिंह ने किया।

# आयुक्त की सख्ती से तेज होंगे विकास कार्य,निरीक्षण में दिए स्पष्ट आदेश



**भिलाई, 14 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-01 अंतर्गत आने वाले संजय नगर तालाब, चंद्रा मौर्या टॉकीज के सामने स्थित निगम भूमि, सुपेला सामुदायिक भवन, तथा दक्षिण गंगोत्री क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संजय नगर तालाब परिसर की स्थिति का जायजा लिया। तालाब के वॉकिंग ट्रैक को व्यवस्थित करने एवं अन्य रखरखाव व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। स्थल पर लगाए गए पेवर ब्लॉक उखड़ने और बाउंड्रीवाल गिरने की जानकारी पर आयुक्त ने तत्काल संधारण कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा, चंद्रा मौर्या टॉकीज के सामने निगम स्वामित्व की रिक्त भूमि का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ मार्केट जोन विकसित करने के निर्देश आयुक्त ने दिए।सुपेला बर्फ फैक्ट्री के समीप निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का कार्य धीमी गति से चलने पर उन्होंने नाराज़गी व्यक्त की। निर्माण कार्य में विलंब के लिए निर्माणकर्ता एजेंसी को नोटिस जारी करने और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, उप अभियंता बसंत देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, सुनील जोशी, जोन के अन्य कर्मचारी एवं सुपरवाइजर गण उपस्थित रहे।

# जनदर्शन में प्राप्त समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को दिए निर्देश

**दुर्ग, 14 अक्टूबर।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम श्री अभिषेक अग्रवाल ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 92 आवेदन प्राप्त हुए।

वार्ड नं. 16 जयंती नगर निवासियों ने बताया कि सिकोला बरती के जयंती नगर में पब्लिक स्कूल के पास स्थित वर्षो पुराने रास्ते को अज्ञात लोगों द्वारा मार्किंग कर बंद की जा रही है। यह मार्ग सार्वजनिक शौचालय के बाजू से होकर गुजरता है ।

# बीएसपी सेफ्टी सर्कल में सर्वाधिक सहभागिता पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई, 14 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने कार्यस्थल सुरक्षा और कर्मचारी सहभागिता को नई ऊँचाई देते हुए अपनी सेफ्टी सर्कल पहल के तहत उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष टीमों की संख्या 39 से बढ़कर 81 हो गई, जो 108 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संयंत्र को क्यूसीएफआई भिलाई चैप्टर कन्वेंशन में सेफ्टी सर्कल में सर्वाधिक सहभागिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुरक्षा के तहत आयोजित प्रतियोगिता में 400 से अधिक कर्मचारियों और ठेका कार्मिकों, जिनमें 81 अधिकारी शामिल थे, ने सक्रिय भागीदारी की। उच्च जोखिम वाले विभागों एसएमएस-2, एसएमएस-3 और पीबीएस ने विशेष प्रदर्शन किया। 17 से 19 जून तक आयोजित इस कार्यक्रम में टीमों ने 150 सुरक्षा सुधार प्रस्तावित किए, जिनमें से 120 सुधार सफलतापूर्वक लागू हुए। इस प्रयास से संयंत्र की सुरक्षा संस्कृति और जोखिम नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। सुरक्षा गतिविधियों में 50 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई, जबकि विजेता टीमों को क्रमशः रु 25,000, रु 15,000 और रु 10,000 के पुरस्कार प्रदान किए गए।

# भोरमदेव अभयारण्य में तीन दिवसीय तितली सम्मेलन का समापन



**कवर्धा,14 अक्टूबर।** 10 से 12 अक्टूबर 2025 तक भोरमदेव अभ्यारण्य, कवर्धा वनमंडल अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय तितली सम्मेलन 2025÷ (द्वितीय संस्करण) का समापन आज चिल्फी में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान अभ्यारण्य की अधीक्षक श्रीमती अनिता साहू द्वारा तितली संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय सर्वेक्षण के दौरान प्रतिभागियों द्वारा भोरमदेव अभ्यारण्य के विभिन्न क्षेत्रों में 5 नई तितली प्रजातियाँ दर्ज की गईं, जिससे अब अभ्यारण्य क्षेत्र में पाई जाने वाली तितलियों की कुल संख्या 134 प्रजातियों तक पहुँच गई है।इस अवसर पर प्रतिभागियों एवं वन विभाग के अधिकारियों द्वारा नींबू पौधे (होस्ट प्लांट) का पौधारोपण किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह के रूप में नींबू पौधा प्रदाय किया गया। प्रतिभागियों को बैगा ग्राम का भ्रमण भी कराया गया, जहाँ उन्होंने स्थानीय समुदाय की परंपरागत पर्यावरणीय समझ और जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और तितलियों के संरक्षण में स्थानीय जनसहभागिता की भूमिका पर बल दिया।समापन कार्यक्रम के अवसर पर श्रीमती अनिता साहू, अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा, लाल सिंह मरकाम, परिक्षेत्र अधिकारी चिल्फी, अनुराग वर्मा, परिक्षेत्र अधिकारी भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा, श्री विक्रांता सिंह, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल,तथा भोरमदेव एवं चिल्फी के समस्त क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला वनमण्डला धिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन से प्राप्त आंकड़े और अनुभव भविष्य में भोरमदेव अभ्यारण्य की तितली संरक्षण प्रबंधन योजना को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यों को मिली मंजूरी



**भिलाई, 14 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई की महापौर परिषद की बैठक का आयोजन महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में किया गया। बैठक में कुल 7 एजेंडे प्रस्तुत किए गए, जिन पर विस्तार से चर्चा कर सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में प्लेसमेंट वाहन चालक एवं हेल्पर की उपलब्धता, मिलियन प्लस सिटी योजना अंतर्गत प्रस्ताव, तथा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत आई.ई.सी. गतिविधियों के योजनाबद्ध क्रियान्वयन जैसे विषय शामिल थे। महापौर परिषद ने निगम के वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल, कुशल एवं अर्द्धकुशल वाहन चालक एवं हेल्पर की नियुक्ति, जल कार्य विभाग हेतु श्रमिकों की उपलब्धता, तथा मिलियन प्लस सिटी के तहत प्रस्तावित कार्य योजनाओं को मंजूरी दी। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत आई.ई.सी. गतिविधियों को योजनाबद्ध तरीके से संचालित व निरीक्षण किए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान महापौर नीरज पाल को अखिल भारतीय महापौर परिषद का सचिव चुने जाने पर बधाई दी गई। उपस्थित सदस्यों एवं अधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, केशव चौबे, केशव बंछोर, चंद्रशेखर गंवई, मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा, अपर आयुक्त राजेंद्र दोहरे, कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा, अनिल सिंह, सहायक अभियंता प्रिया करसे, अर्पित बंजारे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पटाखों की बिक्री और उपयोग के लिए अग्नि सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी

**दुर्ग, 14 अक्टूबर ।** आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किये गए है।

नगर सेना दुर्ग के जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी श्री नागेन्द्र कुमार सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राप्त एडवायसरी में कहा गया है- पटाखा दुकाने किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी टेंट इत्यादि का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होने चाहिए। दुकाने एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबन्धित है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबन्धित रहेगी। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर मास्ट स्विच में फ्युज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाइन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किग्रा क्षमता का डीसीपी अग्नि शामक यन्त्र होना चाहिए। इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाइक /कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किये गए है। जांच के दौरान नियमों का पालन नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत् कार्यवाही की जाएगी।

सायरीस प्राप्त विक्रेताओं से ही खरीदें। यह सुनिश्चित करें कि आप गुणा वाले पटाखे खरीद रहे हैं जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए अनुमोदित हो। इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए पानी की बाती निकट रखे। आग से संबंधित चोटों के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें।

# वन,पर्यावरण और वन प्राणियों का संरक्षण हमारा सामूहिक दायित्व है : दीपेश कपिल



**भिलाई, 14 अक्टूबर।** नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह की श्रृंखला का समापन 12 अक्टूबर को मैत्री बाग के मोमबत्ती लॉन में रंगारंग सांस्कृतिक समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रमों का आयोजन महाप्रबंधक डॉ. एन.के. जैन के नेतृत्व में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे, जबकि विशिष्ट अतिथि वन मंडलाधिकारी दिपेश कपिल उपस्थित रहे।अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्त ने की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रकृति ने हमें वन्य पर्यावरण और वन्य प्राणियों के रूप में अमूल्य धरोहर दी है, जिनका संरक्षण सामूहिक दायित्व है। विशिष्ट अतिथि दिपेश कपिल ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की सफलता जनभागीदारी और जागरूकता से ही संभव होती है। अध्यक्षता कर रहे उत्पल दत्ता ने कहा कि प्रकृति के संतुलन में वन्य प्राणियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, और उद्यानिकी विभाग इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी एस.बी. श्रीनिवास ने विभागीय कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और अतिथियों का स्वागत किया।

### ममता चंद्राकर को मिली बिहार खगड़िया विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी



**कवर्धा,14 अक्टूबर।** बिहार विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा द्वारा महिला पंडरिया पूर्व विधायक ममता चंद्राकर को बिहार खगड़िया विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई ।

### शहर विधानसभा में प्रकाश व्यवस्था के लिए 39 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग, 14 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग शहर विधानसभा के कुल 06 कार्यो के लिए 39 लाख 95 हजार 422 रूपए स्वीकृत किया है।

# दीपावली से पहले मिली राशि ने बढ़ाई परिवारों की खुशियां



**रायपुर,14 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित महतारी वंदन योजना लाखों महिलाओं के जीवन में खुशहाली और आत्मनिर्भरता लाने में मददगार साबित हो रही है। दीपावली पर्व से पूर्व योजना की 20वीं किश्त जारी होने से पूरे प्रदेश की महिलाओं के चेहरों पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास झलक उठा है।

इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र महिला को प्रति माह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे महिलाएं अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में सक्ती जिले की ग्राम पंचायत टेमर निवासी श्रीमती रजनी कुम्हार भी महतारी वंदन योजना से लाभान्वित होकर अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हुई हैं। श्रीमती रजनी ने बताया कि पहले परिवार की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई होती थी, लेकिन अब योजना से मिलने वाली राशि से उन्हें आर्थिक संबल और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली है। उन्होंने इस राशि का सदुपयोग करते हुए अपने पति श्री पीताम्बर कुम्हार के सहयोग से मिट्टी के दीये, मटके, घड़े, कलश और सुराही जैसे पारंपरिक मिट्टी के उत्पादों के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया है। दीपावली के अवसर पर वे प्रतिदिन लगभग 2,000 से 2,500 दीये तैयार कर रही हैं, जिससे अच्छी आमदनी की उम्मीद है।

श्रीमती रजनी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के सम्मान, स्वावलंबन और समृद्धि की दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायक पहल है।

## एक नजर

### गांव में दादागिरी कर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध में पुलिस ने की कार्रवाई



**डोंगरगढ़ 14 अक्टूबर।** गांव की बैठक में ग्राम मे शराब बंदी के फैसले के खिलाफदादागिरी करने वालो के खिलाफग्राम वासियों की शिकायत के बाद पुलिस के द्वारा ठोस कार्यवाही करते हुए संदेश दिया है कि पुलिस जनता की सेवक है और गांव का माहौल को अशांति फैलाने वालों पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन पर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पर थाना प्रभारी बागनदी निरीक्षक ढाल सिंह साहू के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रो में असामाजिक तत्वों पर आवश्यक कार्यवाही करने पर पता चला कि 13 अक्टूबर 2025 को ग्राम घोरतलाब के ग्रामीणों के द्वारा थाना बागनदी को आवेदन पेश किया की कि ग्राम घोरतलाब में शराबबंदी होने के बाद गांव के कुछ लोग शराबबंदी करने वाले ग्रामीणों को डरा धमका रहे हैं की शिकायत आवेदन प्राप्त होने पर बागनदी पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोप लगाए गए से पूछताछ करने पर शिकायत कर्ताओं को ग्रामीण लोगों को हम लोगो के खिलाफथाना में रिर्पोट कराये हो कहकर वाद विवाद लड़ाई झगड़ा कर रहा था जिसे पुलिस के द्वारा समझाने पर भी न समझकर और ज्यादा आक्रोशित होकर ग्रामीणों को मारने पीटने के लिए उतारू हो रहा था जिससे अनावेदकगणो के द्वारा किसी संज्ञेय अपराध घटित करने की संभावना बने होने पर धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार करने के अलावा कोई विकल्प नही होने से अनावेदकगणो को गिरफ्तार किया गया तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदकगणो के विरूध्द धारा 126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत इस्तगासा कायम कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी छुरिया के समक्ष किया गया। पूरे मामले में निरीक्षक ढाल सिंह साहू, प्रधान आरक्षक संतोष मिश्रा, आरक्षक श्रीकांत लहरे, भूपेंद्र तुमरेकी, दीपक साहू की भुमिका महत्वपूर्ण रही।

### किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अभिनव कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**रायपुर, 14 अक्टूबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के संस्थागत एवं गैर संस्थागत देखरेख के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अभिनव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 अक्टूबर को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में रायपुर के खम्हारडीह स्थित शासकीय बालिका गृह में होगा। प्रशिक्षण में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत, बाल देखरेख संस्थाओं के अधीक्षक एवं बाल कल्याण अधिकारी भाग लेंगे।

### एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान अब 31 अक्टूबर तक कराएं पंजीयन

**रायपुर,14 अक्टूबर।** राज्य के किसानों से अपील की गई है कि वे धान खरीदी, फसल बीमा एवं अन्य कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में 31 अक्टूबर 2025 तक अपना ऑनलाइन पंजीयन अवश्य कराएं। पंजीयन प्रक्रिया अब सरल और सुलभ कर दी गई है, जिससे किसान स्वयं अपने मोबाइल या कम्प्यूटर से पंजीयन कर सकते हैं। या फार्मर रजिस्ट्री सीजी मोबाइल एप के माध्यम से कर सकते हैं। पोर्टल पर नया खाता बनाने के लिए किसान को आधार से लिंक मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, भूमि के खसरा और बी-1 दस्तावेज की आवश्यकता होगी। पोर्टल में लॉगिन कर आवश्यक विवरण भरने के बाद किसान अपनी भूमि की जानकारी सत्यापित कर ई-साइन के माध्यम से पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। सफल पंजीयन के बाद किसान को रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त होगा।पंजीयन के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल या मोबाइल एप पर क्रिएट न्यू यूजर पर क्लिक करें। अपना आधार नंबर भरें और ओटीपी से सत्यापन करें। मोबाइल नंबर दर्ज कर वेरीफाई करें तथा पासवर्ड बनाएं। लॉगिन कर व्यक्तिगत व भूमि संबंधी जानकारी भरें। फेच लैण्ड डिटेल पर क्लिक कर अपने खसरा नंबर दर्ज करें और विवरण सत्यापित करें।

### कलेक्टर - डीएफओ संयुक्त कॉन्फ्रेंस का आयोजन महानदी भवन में

# तेंदूपत्ता संग्राहकों की संख्या 12 लाख से अधिक होना हमारी बड़ी उपलब्धि : साय

**रायपुर, 14 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित कलेक्टरङ्कडीएफओ संयुक्त कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के वन प्रबंधन, तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित, लघु वनोपजों के मूल्य संवर्द्धन (वैल्यू एडिशन), ईको-टूरिज्म, औषधीय पौधों की खेती और वनों से जुड़ी आजीविका के विविध आयामों पर विस्तृत चर्चा हुई।




मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक हितग्राहियों की संख्या आज 12 लाख से अधिक हो चुकी है, जो हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आवश्यकता इस बात की है कि हम वन उपज का अधिकतम वैल्यू एडिशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य में वन धन केंद्रों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है, ताकि ग्रामीणों को अधिक आय के साधन मिल सकें और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि प्रदेश में अब 46 प्रतिशत वन आवरण हो चुका है, जो लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में कैम्पा योजना और ÷एक पेड़ मां के नाम÷ जैसी अभिनव पहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कॉन्फ्रेंस में जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को भुगतान सात से पंद्रह दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भुगतान की जानकारी एसएमएस के माध्यम से सीधे संग्राहकों के मोबाइल पर भेजी जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में बताया गया कि लगभग 15 लाख 60 हजार संग्राहकों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज हो चुकी है और सभी भुगतान बैंक खातों के माध्यम से किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया के पूर्ण कंप्यूटरीकरण की पहल को और तेज करने के निर्देश दिए।

कॉन्फ्रेंस में औषधीय पौधों की खेती के विस्तार हेतु प्रचार-प्रसार गतिविधियों को बढ़ाने और इसके लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अमले की सहायता लेने पर भी चर्चा की गई। बैठक में बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिलों में पिछले सीजन में हुए तेंदूपत्ता संग्रहण की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी सीजन के लिए पूर्व-कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि संग्राहकों को समय पर लाभ मिल सके और किसी प्रकार की देरी न हो।

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर और सरगुजा संभागों में विशेष रूप से ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसे आजीविका से जोड़ने के लिए ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अब 75 प्रकार की लघु वनोपजों की खरीदी करने जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि लाख उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे स्थान पर है, और यदि

### लघु वनोपज आधारित स्टार्टअप और वन धन केंद्रों को मिलेगा प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लघु वनोपजों को वनांचल क्षेत्रों में आजीविका के प्रमुख साधन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। बैठक में लघु वनोपज आधारित स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और वन धन केंद्रों को सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल सके। छत्तीसगढ़ हर्बल और संजीवनी ब्रांड के उत्पादों के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया गया। बैठक में निर्देश दिए गए कि इन उत्पादों की बिक्री ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों में बढ़ाई जाए, ताकि स्थानीय उत्पादों के लिए एक मजबूत मार्केट नेटवर्क विकसित हो सके। साथ ही, उत्पादों के जैविक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने पर बल दिया गया। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि पहली बार वन अधिकारियों की बैठक आयोजित कराने के लिए वे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सभी कलेक्टर और वन अधिकारी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कार्य करें, तो इसके अत्यंत अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

## समाचार संक्षेप

### शराब कोचिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 14 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 12.10.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस चौकी करहीबाजार की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रामपुर में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?3700 कीमत मूल्य का 37 पाव देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम ?650 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध चौकी करहीबाजार में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### नई दिशा अभियान के तहत कॉलेज में नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई



**बलौदाबाजार,14 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में समाज कल्याण विभाग द्वारा दाऊ कल्याण शासकीय महाविद्यालय बलौदाबाजार में सोमवार को नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति हेतु जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया एवं नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम की जानकारी एवं मनोविकास हेतु परामर्श, हम होंगे कामयाब के तहत रोजगार हेतु पोर्टल में क्यु.आर. स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगीग अपराध के संबंध में जानकारी दी गई।

### जिले के 734 मत्स्य कृषकों को शतप्रतिशत अनुदान में फिंगरलिंग का वितरण

**बलौदाबाजार,14 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर जिले के सभी विकासखण्डों के 734 मत्स्य कृषकों को विभागीय 50 प्रतिशत फिंगरलिंग वितरण योजना अनर्गत गौड़ खनिज न्यास मद् एवं मछली पालन विभाग के अभिसरण से शत् प्रतिशत अनुदान में फिंगरलिंग मत्स्य कृषकों को वितरण किया गया है। इस अवसर पर कृषि स्थाई समिति सभापति सुश्री इन्दु जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। विभागीय 50 प्रतिशत फिंगरलिंग योजना अन्तर्गत प्रति मत्स्य कृषक प्रति हेक्टेयर जलक्षेत्र में 4000 रुपये का फिंगरलिंग दिये जाने का प्रावधान है जिसमें . 2000 रुपये हितग्राही अंश एवं .2000 रुपये विभाग से अनुदान स्वरूप फिंगरलिंग प्रदाय किया जाता है। जिले के चयनित मत्स्य कृषकों जिन्हे नियमानुसार जलक्षेत्र (तालाब/जलाशय) 10 वर्षीय पट्टे पर विभाग द्वारा प्रदाय किया गया है, ऐसे मत्स्य कृषकों का हितग्राही अंश गौड़ खनिज न्यास मद् से स्वीकृत किया गया है। जिले के मत्स्य कृषकों को शत् प्रतिशत अनुदान में फिंगरलिंग प्रदाय करने का मुख्य उद्देश्य है कि स्थानीय स्तर पर मत्स्य कृषकों को रोजगार, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। साथ ही साथ समस्त जलक्षेत्रों का उपयोग कर मछली पालन किया जाना है तथा मत्स्य कृषकों को शत् प्रतिशत अनुदान में मत्स्य बीज प्रदाय करने का उद्देश्य जिले के मत्स्योत्पादन में वृद्धि करना है।




### सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति के जयबहादुर बंजारे बने लगातार आठवीं बार प्रदेशाध्यक्ष





**रायपुर 14 अक्टूबर।** सतनामी उत्थान एवं जाग्रति समिति रायपुर छत्तीसगढ़ का बैठक रविवार दोपहर 01बजे समिति, मुख्यालय दोंदेकला में रखा गया था जिसमें समिति के सभी पदों पर एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव किया गया समिति के अध्यक्ष जय बहादुर बंजारे लगातार आठवीं बार सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष चुने गए । प्रदेशाध्यक्ष जयबहादुर बंजारे ने समिति के सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपने मुझे लगातार 25 वर्षों से निर्विरोध अध्यक्ष चुने हैं जिसका मै आभारी हूँ आप लोगों के प्रयास से हमारी संस्था लगातार समाज की उत्थान के लिए कार्य करते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रही है इसी प्रकार हमेशा आप सभी का सहयोग मिलता रहेगा इसकी मै अपेक्षा करता हूं। सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति के संरक्षक सरजुप्रसाद घृतलहरे , फूलचंद घृतलहरे,अध्यक्ष जयबहादुर बंजारे, उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, पृथ्वीराज बघेल,महिला उपाध्यक्ष सुश्री अंजलि बरमाल, महासचिव रमेश बंजारे, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार बरमाल, मिडिया प्रभारी व प्रवक्ता महेश ढीढी,सह सचिव राजमहंत बद्री प्रसाद टंडन,महेश घृतलहरे कार्यकारिणी सदस्यों में डी डी भारती,पप्पू बंजारे,रेशम लाल घृतलहरे,जितेंद्र चेलक,मंगल दास बारले,सुभाष कोसरे,खिलावन बघेल, श्रीमती शकुन्तला बंजारे, श्रीमति चम्पा देवी गेंदले,श्रीमती अनिता गुरुपंच,डॉ सुनीता सोनवानी, श्रीमती गिरिजा पाटले, श्रीमती सुशीला सोनवानी, श्रीमती सपन लक्ष्मी भारती, श्रीमती द्रौपति जोशी, श्रीमती निशा ओगरे, चित्रा जांगड़े को चुना गया । उक्त जानकारी प्रदेशाध्यक्ष जय बहादुर बंजारे एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश ढीढी ने दी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन



**कुरूद14 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तरफ से नगर पालिका में स्वामी विवेकानंद इनडोर स्टेडियम से रविवार को दोपहर तीन बजे से संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन किया गया। यह पथ संचलन इनडोर स्टेडियम से शुरू होकर कारगिल चौक, पुराना बस स्टैंड, सरोजनी चौक, पुराना बाजार चौक, राम मंदिर, गांधी चौक होते चंडी मंदिर से थाना रोड, व पुराना मंडी, शंकर नगर -सिरसा चौक होते हुए तहसील रोड गौरव पथ होकर पुनः विवेकानंद इनडोर स्टेडियम आकर समाप्त हुआ। कुरूद नगर भर में कारगिल चौक, सरोजनी चौक, पुराना बाजार सहित जगह जगह पर महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन करते हुए भारत माता की जय जय कारें लगाए। इस अवसर पर कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, आर एस एस के देवनाथ सोनिया महेंद्र निर्मलकार, जितेंद्र चंद्राकर, केशव चंद्राकर , वेदनाथ चंद्राकर, भूषण देवांगन, नेमीचंद बैंस, निरंजन सिन्हा, मालकराम साहु, रघुनंदन साहु, लोकेश्वर सिन्हा, सुरेश अग्रवाल, हरिशंकर सोनवानी, खिलेंद्र चंद्राकर, डुगेश साहु, शांतनु क्रिदत्त, हरिनारायण साहू, कृष्णकांत साहु, थानेश्वर तारक, धर्मेंद्र साहु, सत्यम चंद्राकर, कमलेश चंद्रकर, किशोर यादव आदि शामिल रहे।

### निगम में पटाखा दुकान के लिये 93 अस्थायी भूखण्ड आबंटित

**राजनांदगांव 14 अक्टूबर।** महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम सभागृह में फ्टाका दुकान के लिये लाटरी के माध्यम से 93 अस्थाई भूखण्ड आबंटन लायसेंसी फ्टाका व्यवसायियों को किया गया। उक्त आबंटन से नगर निगम को 4 लाख 29 हजार 6 सौ 60 रूपये की आय हुई है। फ्टाका दुकान म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगाया जायेगा। फ्टाका दुकान के लिए इच्छुक लायसेंसी फ्टाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड का आबंटन किया गया। अस्थाई भूखण्ड आबंटन के संबंध में राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी ने बताया कि इस वर्ष फ्टाका दुकान लगाने के लिए राजस्व कार्यालय में 99 आवेदन प्राप्त हुये थे, जिसमें से 93 लायसेन्सी फ्टाका विक्रताओ द्वारा शुल्क का भुगतान किया गया। इस वर्ष प्रति दुकान के आबंटन शुल्क में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गयी, जिसके तहत आवेदन प्राप्त कर 4620 रूपये प्रति दुकान अस्थाई भूखण्ड शुल्क जमा कराया गया, जिससे नगर निगम को 4 लाख 29 हजार 6 सौ 60 रूपये की आय हुई है।

# पुलिस ने लोगों को साइबर क्राइम से सावधान रहने व बचाव के उपाय बताए

**बलौदाबाजार 14 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकार के ठगी से बचाव हेतु आम जनों के मध्य लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 13.10.2025 को भाटापारा शहर पुलिस की टीम द्वारा कमलाकांत शुक्ला इंस्टिट्यूट देवरी रोड भाटापारा में साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों से सावधान रहने एवं उनसे बचाव के तरीकों को विस्तृत रूप में बताया गया। कार्यक्रम में निरीक्षक प्रवीण मिंज थाना प्रभारी भाटापारा शहर द्वारा साइबर अपराध के संबंध में समझाइस देते हुए बतलाया गया कि, किसी भी प्रकार के लोक लुभावने स्कीम के लालच




में नहीं आने, किसी भी अजनबी काल को अटेंड नहीं करने, किसी अनाधिकृत लिंक को टच न करने, अपनी बैंक डिटेल की जानकारी किसी भी अजनबी व्यक्ति को नहीं देने आदि के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। सांथ ही किसी प्रकार से भी सायबर ठगी हो जाने पर तत्काल 1930 पर कॉल करके पूरी जानकारी देने हेतु विस्तृत रूप से बताया गया। इसके अतिरिक्त सायबर अपराध, सतर्कता एवं बचाव के तहत बच्चो को इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलग्राम पर खरीदी से सावधानी बरतने, संदिग्ध कॉल्स और मैसेज से सतर्क रहने अनाधिकृत वेब साइट्स और एप्स से सावधान रहने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, अपने फोन व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम के पासवर्ड को सुरक्षित रखने और उन्हें दूसरों के साथ साझा न करने के संबंध में सतर्क एवं सुरक्षित रहने समझाइश दिया गया है। इस दौरान साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम में कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट के शिक्षक एवं वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### घर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान दोनों में उजाला और बचत का संगम

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लखन लाल को मिला दोहरा लाभ

**बलौदाबाजार - भाटापारा,14 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना ÷पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना÷ आम नागरिकों के जीवन में ऊर्जा, बचत और आत्मनिर्भरता की नई रोशनी लेकर आई है। इस योजना का लाभ उठाकर सिमगा के व्यवसायी लखन लाल देवांगन ने न केवल अपने बिजली खर्च को कम किया है बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।



सिमगा निवासी लखन लाल देवांगन शक्ति हार्डवेयर नामक दुकान संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि मोबाइल के माध्यम से जब उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी प्राप्त की तो यह योजना उन्हें अत्यंत उपयोगी और लाभदायक लगी। एक व्यवसायी होने के नाते उन्होंने सबसे पहले अपनी हार्डवेयर की दुकान में 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया। कुछ ही समय में उन्हें इसका सीधा लाभ दिखाई देने लगा और बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई जिससे उनका मासिक खर्च लगभग शून्य के बराबर हो गया। लखन लाल देवांगन ने आगे बताया कि दुकान में सकारात्मक परिणाम देखने के बाद उन्होंने अपने घर पर भी 4 किलोवाट का सोलर पैनल इंस्टॉल करवाया। अब उनके घर और दुकान दोनों स्थानों का बिजली बिल लगभग नगण्य हो गया है। इस योजना के तहत उन्हें शासन से सब्सिडी भी प्राप्त हुई जिससे स्थापना की लागत में कमी आई और सौर ऊर्जा को अपनाना और भी आसान बन गया। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में एक दूरदर्शी और जनहितकारी पहल है जिसने आम जनजीवन को सशक्त बनाया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने न केवल आमजन को आर्थिक रूप से राहत दी है बल्कि स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को भी नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि वे इस पहल का हिस्सा हैं और वे सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे भी आगे बढ़कर इस योजना का लाभ लें ताकि हर घर आत्मनिर्भर बने और हर छत से स्वच्छ ऊर्जा का प्रसार हो सके। यह योजना छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। लोग इसे अपनाकर न केवल बिजली बिल में बचत कर रहे हैं बल्कि हरित ऊर्जा के प्रसार में भी योगदान दे रहे हैं। वास्तव में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आज आमजन के जीवन में उजाला ही नहीं बल्कि राहत और गर्व की नई किरण बन चुकी है। न केवल बिजली बिल में बचत कर रहे हैं बल्कि हरित ऊर्जा के प्रसार में भी योगदान दे रहे हैं। वास्तव में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आज आमजन के जीवन में उजाला ही नहीं बल्कि राहत और गर्व की नई किरण बन चुकी है।

# एनडीए ने तो सीटों का बंटवारा कर लिया

## संपादकीय

गठबंधन की राजनीति में सभी दलों को अपने साथ रखना एक चुनौती होती है क्योंकि वक्त बीतने के साथ वह समझते हैं कि गठबंधन की जीत के लिए वह जरूरी है, गठबंधन की जीत उसके बगैर नहीं हो सकती। गठबंधन की सरकार तो तब ही बनेगी जब वह गठबंधन के साथ रहेंगे। कई बार गठबंधन के छोटे दलों को साथ बनाए रखने के लिए बड़े दलों को अपने सीटों की संख्या भी कम करनी पड़ती है और छोटे दलों को संतुष्ट करने के लिए उनको कुछ ज्यादा सीटें देकर संतुष्ट करने का प्रयास किया जाता है। चुनाव आयोग की तरफ से चुनाव के तारीखों की घोषणा होने के बाद बिहार के राजनीतिक दलों के बीच सीटों के तालमेल को लेकर बैठकों का सिलसिला तेज हो गया है। वैसे तो सीटों के तालमेल के लिए एक दो महीनों से प्रयास किए जा रहे थे, गठबंधन के छोटे दल पिछली बार से ज्यादा सीटों पर चुनाव लडऩे के लिए बड़े दलों से बड़ी संख्या में सीटों की मांग कर रहे थे। यह तो हर गठबंधन में छोटे दल करते हैं क्योंकि वह चुनाव में वह ज्यादा सीट पर चुनाव लडऩा इसलिए चाहते हैं ताकि पिछली बार से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ सकें और ज्यादा सीट जीतकर आने पर गठबंधन में उनका महत्व बना रह सकता है। वह ज्यादा सीटें जीतन पर सरकार में ज्यादा मंत्री पद की मांग कर सकते हैं। यही वजह है कि एनडीए के लोजपा हो, रालोमो हो या हम पार्टी हो, सबने पिछली बार अकेले चुनाव लड़ा था यानी ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ा था, इसलिए वह चाहते थे गठबंधन में भी उनको ज्यादा सीटें मिले। पिछली बार चिराग पासवान की पार्टी 135 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और जीती मात्र एक सीट और इस पर वह 35 सीट मांग रही थी, उसे गठबंधन में 29 सीटें मिली है, इसी तरह जीतन राम मांझी ने पिछली बार 104 सीटों पर चुनाव लड़ा था और एक भी सीट नहीं जीत पाए थे उनकी मांग 10 सीट की थी, उनको 6 सीट दी गई है तथा हम पार्टी ने पिछला चुनाव 7 सीटों पर लड़ा था और 4 सीटें जीती थी, उनकी मांग इस पार 15 सीटों की थी, उनको भी 6 सीटें चुनाव लडऩे के लिए दी गई थी। एनडीए बड़े दल भाजपा ने पिछली बार 110 सीटों पर चुनाव लड़ा था और इस बार छोटे दलों को सीट देने के कारण उसे बंटवारे मे 101 सीट मिली है यानी की इस बार भाजपा 9 सीटों पर कम चुनाव लड़ रही है। इसी तरह नीतीश कुमार की जदयू ने पिछली बार 115 सीटों पर चुनाव लड़ा था, इस बार उसे भी बंटवारे में 101 सीटें मिली हैं, यानी पिछली बार से वह 14 सीटों पर कम चुनाव लड़ रहा है। इस तरह इस तरह सीटों के बंटवारे में भाजपा व जदयू दोनों को बराबर सीटें मिली हैं यानी इस बार दोनों बराबरी पर आ गए हैं। नहीं तो होता यह था कि विधानसभा चुनाव में जदयू ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ता था और बड़े भाई की भूमिका में रहता था, भाजपा छोटे भाई की भूमिका में रहती थी और वह विधानसभा चुनाव में कम सीटों पर चुनाव लड़ती थी वह लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ती और जदयू लोकसभा में कम सीटों पर चुनाव लड़ता था। सीटों के बंटवारे से यह भी साफ है कि बाकी तीन दलों में चिराग पासवान की पार्टी को ज्यादा सीटें देकर साफ कर दिया गया है कि वह बाकी दोनों दलों से ज्यादा महत्व रखते हैं। बाकी दो दलों को बराबर सीटें देकर यह साफ कर दिया गया है वह दोनों दल बड़े दलों के लिए एक बराबर है कोई बड़ा या छोटा नहीं हा। इस तरह चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद सीटों के बंटवारे में तो एनडीए ने बढ़त ले ली है। जो सीटों का बंटवारा जल्द कर लेता है, वह अपने सीटों के हिसाब से प्रत्याशी भी जल्द तय करता और उसकी पार्टी चुनाव प्रचार भी पहले शुरू कर देती है। यानी सीटों का बंटवारा हो जाने पर पार्टी अपना चुनाव प्रचार जल्द शुरू कर सकती है। वहीं महागठबंधन अभी तक सीटों का बंटवारा पर कोई फैसला नहीं कर सका है,कहने को उनकी कई बैठकें हो चुकी हैं लेकिन अब तक यह साफ नहीं हुआ है कि कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा।महागठबंधन में सीएम का चेहरा कौन होगा,इसे लेकर भी स्थिति साफ नहीं है। राजद की तरफ से साफ कर दिया गया है सीएम का चेहरा तेजस्वी होंगे,जबकि कांग्रेस का कहना है कि तेजस्वी गठबंधन के सीएम का चेहरा नहीं है, गठबंधन के सीएम फेस पर कोई फैसला को चुनाव के बाद होगा। कांग्रेस इस बार भी ज्यादा सीटों पर चुनाव लडऩा चाहती है,सीटों का बंटवारा होने पर पता चलेगा कि कांग्रेस को कितनी सीटें मिली है।

# जातीय नफरत की सर्कस : विवेकहीन समाज की एक त्रासदी

राजनीति

**डॉ प्रियंका सौरभ**

**सदियों से भारतीय समाज जातीय भेदभाव की बेड़ियों में जकड़ा हुआ है। यह नफरत केवल सामाजिक संरचना को नहीं, बल्कि इंसान के विवेक और संवेदना को भी कुंद कर चुकी है। हर निर्णय, हर दृष्टिकोण, हर न्याय आज जाति के तराज़ू पर तोला जाता है। जब तक समाज जातीय पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर न्याय-अन्याय के बीच अंतर करना नहीं सीखेगा, तब तक कुछ स्वार्थी और धूर्त लोग इस विभाजन की साज़िश में हमें अपनी सर्कस बनाते रहेंगे।**

भारतीय समाज की जड़ें हजारों वर्षों पुरानी हैं। पर इन जड़ों में कई ऐसी गांठें भी हैं, जिन्होंने इंसानियत को बाँट दिया है। जाति का विचार शुरुआत में शायद एक सामाजिक संगठन का ढांचा था, पर समय के साथ यह व्यवस्था अन्याय, भेदभाव और शोषण का औजार बन गई। ऊँच-नीच की मानसिकता ने समाज को वर्गों में बाँट दिया और इस बंटवारे ने इंसान की पहचान को उसके कर्म से हटाकर उसकी जाति से जोड़ दिया। जब कोई समाज अपने नैतिक विवेक को खो देता है, तब वह अन्याय को सामान्य मानने लगता है। यही आज की सबसे बड़ी समस्या है। जातीय सोच इतनी गहराई से हमारी मानसिकता में समा गई है कि लोग अन्याय को भी "अपनों के पक्ष में" देखकर सही ठहराने लगते हैं। किसी अपराधी की जाति अगर अपनी है, तो लोग उसे निर्दोष मान लेते हैं; और अगर पीड़ित किसी अन्य जाति का है, तो उसके दर्द के प्रति संवेदना गायब हो जाती है। यह वह बिंदु है जहां इंसानियत मर जाती है और जातिवाद जीत जाता है। राजनीति ने जातिवाद को जीवित रखा है, बल्कि उसे हवा दी है। हर चुनाव में उम्मीदवारों की योग्यता नहीं, उनकी जातीय पहचान का हिसाब लगाया जाता है। नेता जानते हैं कि जातीय गोलबंदी उनकी सत्ता की नींव है, इसलिए वे समाज को एकजुट करने के बजाय बांटे रखना चाहते हैं। वोट के लिए जाति को हथियार बनाना सबसे खतरनाक प्रवृत्ति है, क्योंकि यह विभाजन न केवल लोकतंत्र की भावना को कमजोर करता है, बल्कि पीढ़ियों के मन में अविश्वास और घृणा बो देता है। जातीय पूर्वाग्रहों से बाहर निकलने का सबसे सशक्त माध्यम शिक्षा है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि शिक्षा का प्रसार भी कई बार समान अवसरों के बिना अधूरा रह जाता है। जब तक हर वर्ग को समान अवसर, समान मंच और समान सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक जातीय सोच का अंत संभव नहीं है। सच्ची शिक्षा वही है जो मनुष्य को स्वतंत्र सोचने और दूसरों के दुःख को समझने की क्षमता दे। मीडिया समाज का दर्पण होता है। पर जब दर्पण ही धुंधला हो जाए, तो सच्चाई कैसे दिखाई देगी? जातीय हिंसा या भेदभाव की खबरें अक्सर राजनीतिक दृष्टिकोण से तो दिखाई जाती हैं, पर उनमें इंसानियत की करुणा का अभाव होता है। जरूरत है कि मीडिया समाज में संवाद का माध्यम बने, न कि विभाजन का। पत्रकारिता का मूल धर्म है सत्य को सामने लाना — चाहे वह किसी जाति, वर्ग या धर्म के विरुद्ध क्यों न हो। हर युग में कुछ ऐसे चालाक और धूर्त लोग रहे हैं जो समाज की कमजोरियों को भुनाते हैं। कभी धर्म के नाम पर, कभी जाति के नाम पर, कभी भाषा के नाम पर — वे हमें बाँटकर अपनी कुर्सी और शक्ति को सुरक्षित करते हैं। हम वही जनता हैं जो उनके शो में दर्शक बन बैठे हैं। वे खेल दिखाते हैं, हम ताली बजाते हैं — और हर बार यह सर्कस चलता रहता है। अगर हम सच में बदलाव चाहते हैं, तो हमें दर्शक नहीं, निर्णायक बनना होगा। न्याय का अर्थ तभी पूरा होता है जब वह बिना किसी पूर्वाग्रह के किया जाए। न्याय का कोई रंग, धर्म या जाति नहीं होती। समाज को चाहिए कि वह "हम बनाम वे" की मानसिकता से बाहर निकलकर "सबके लिए न्याय" की भावना को अपनाए। यही लोकतंत्र का आधार है। अगर हर व्यक्ति अपने स्तर पर जाति से ऊपर उठकर सोचने लगे, तो यह बदलाव किसी क्रांति से कम नहीं होगा। जातिवाद केवल एक सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि एक मानसिक गुलामी है। यह हमें विवेकहीन, असंवेदनशील और विभाजित बनाता है। आज समय की सबसे बड़ी मांग यही है कि हम अपने भीतर झाँकें और समझें कि असली पहचान हमारी जाति नहीं, बल्कि हमारा कर्म और हमारा चरित्र है। सदियों से जो दीवारें हमें बाँटती आई हैं, उन्हें तोड़ने की शुरुआत हमें खुद से करनी होगी। जब समाज न्याय के पक्ष में खड़ा होना सीख लेगा — बिना यह देखे कि पीड़ित या अपराधी किस जाति का है — तभी हम कह सकेंगे कि हमने सच्चे अर्थों में सभ्यता की ओर कदम बढ़ाया है। अन्यथा यह जातीय सर्कस यूँ ही चलता रहेगा, और हम अनजाने में उसके दर्शक बने रहेंगे।

## सू- दोकू क्र.199

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.198का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -199

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 198 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

# चिदंबरम के कहे का क्या है अर्थ?

**बलबीर पुंज**

दशकों तक स्वतंत्र भारत की विदेश नीति विदेशी विचारधारा से बंधी रही है। इसी वजह से भारत को बार-बार उन मुल्कों के आगे भी झुकना पड़ा, जो लंबे समय तक भारतीय हितों के खिलाफ खड़े थे। सालों तक भारत ने फिलिस्तीन और इस्लामी देशों का समर्थन किया, जबकि वह कश्मीर के मसले पर मजहब के नाम पर पाकिस्तान का साथ देते रहे। पिछले 11 वर्षों से भारतीय नेतृत्व इस पराजित मानसिकता से मुक्त है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी।चिदंबरम के हालिया खुलासे का निहितार्थ क्या है? 17 साल पहले जब वर्ष 2008 में मुंबई पर पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित भीषण 26/11 आतंकवादी हमला हुआ, जो चार दिनों तक चला, जिसमें सीमापार से आए दस जिहादियों ने 166 मासूमों को मौत के घाट उतारा और देश का एक बड़ा वर्ग प्रतिशोध की ज्वाला में धधकता रहा— तब तत्कालीन कांग्रेस नीत तत्कालीन संप्रग सरकार (2004-14) विदेशी दबाव— विशेषकर अमेरिकी नेतृत्व के कहने पर पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिकार स्वरूप कोई भी सैन्य कार्रवाई करने से पीछे हट गई। बकौल चिदंबरम, उस वक्त मेरे मन में आया कि बदला लेना चाहिए।।। मैंने प्रधानमंत्री और बाकी अहम लोगों से इस मामले पर चर्चा की थी, लेकिन निष्कर्ष काफी हद तक विदेश मंत्रालाय और विदेश सचिवों से प्रभावित था कि हमें स्थिति पर सीधे प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए, इसकी जगह कूटनीतिक तरीका अपनाना चाहिए। उन्होंने आगे स्वीकार किया, उस समय अमेरिकी विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस, मेरे पद संभालने के दो-तीन दिन बाद मुझसे और प्रधानमंत्री से मिलने आई थीं।।। उन्होंने कहा था कि प्रतिक्रिया नहीं दें। मुझे पी।चिदंबरम के बयान पर कोई हैरानी नहीं। दरअसल, यह मानसिकता न ही देश में नई है और न ही चिदंबरम का यह मानस 2008 के आतंकी हमले तक सीमित है।बात ज्यादा पुरानी नहीं है। अमेरिकी-यूरोपीय प्रतिबंधों के दबाव में 1995 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने पोखरण परमाणु परीक्षण रोक दिया था। लेकिन 1998 में अटल बिहारी वाजपेयीजी ने दोबारा सत्ता में आते ही इन पश्चिमी धमकियों को नजरअंदाज करके पोखरण में परीक्षण किया और भारत को परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित भी कर दिया। आज जो चिदंबरम 26/11 के समय अमेरिकी दबाव में पाकिस्तान पर कार्रवाई नहीं करने की बात स्वीकार रहे है, उन्हीं चिदंबरम ने 27 मई 1998 को लोकसभा में चर्चा करते हुए पोखरण परमाणु परीक्षण को सत्ता-लोलुप एजेंडा और नैतिक अधिकारों के खिलाफ बताते हुए कहा था— ।।हम परमाणु हथियार बनाने के खिलाफ हैं, हम परमाणु बमों का भंडार तैयार करने के खिलाफ हैं, हम इन हथियारों को सेना में शामिल करने के खिलाफ हैं, और हम भारत को हथियारों की दौड़ में झोंकने के भी खिलाफ हैं। आपने जो किया है, उससे हमारे दोनों बड़े पड़ोसी अब दुश्मन बन गए हैंज्। क्या 1998 और 2025 में प्रकट चिदंबरम के मानस में कोई अंतर दिखता है? क्या बकौल चिदंबर 1998 से पहले भारत के पाकिस्तान और चीन से संबंध मधुर थे?वर्ष 1962 में भारत को वामपंथ शासित चीन के हाथों शर्मनाक शिकस्त झेलनी पड़ी थी, जिसमें देश ने अपनी हजारों वर्ग किलोमीटर जमीन भी खो दी। यह सब नेहरूजी की आत्ममुग्धता में चीन की कुटिल साम्राज्यवादी नियत को न समझ पाने का नतीजा था। पंचशील समझौता, सुरक्षा परिषद की सदस्यता चीन को देना और 'हिंदी-चीनी भाई-भाई" जैसे नारे अंत में भारत के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हुए। ऊपर से अमेरिका के सामने पं।नेहरू द्वारा बार-बार मिन्नतें करने से देश की संप्रभुता और आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंची।अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अधिकारी ब्रूस रीडेल ने अपनी किताब जेएफके फॉरगॉटन क्राइसिसः तिब्बत, द सीआईए एंड द सीनो-इंडियन वॉर में पं।नेहरू द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ। कैनेडी को लिखे गुप्त खतों के कुछ हिस्से उजागर किए हैं। इन पत्राचारों में नेहरूजी ने लिखा था— हमें 12 स्क्वाड्रन सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों की सख्त जरूरत है।।।

# ओवरी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का आसान उपाय

ब्रेस्टफीडिंग से महिलाओं में ओवरी कैंसर का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ओवरी कैंसर के रिस्क फैक्टर्स और ब्रेस्टफीडिंग की प्रोटेक्टिव भूमिका के बारे में बताने जा रहे हैं। ब्रेस्टफीडिंग कराने से न सिर्फ बच्चे के लिए बल्कि मां के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। यह बच्चे को पोषण देने और इम्यूनिटी देती है और मां के लिए कई गंभीर बीमारियों से बचाव में मददगार साबित हो सकता है। रिसर्च और एक्सपर्ट की मानें, तो ब्रेस्टफीडिंग से महिलाओं में ओवरी कैंसर का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। बता दें कि ब्रेस्टफीडिंग नेचुरल प्रोटेक्टिव फैक्टर की तरह काम करती है। यह महिलाओं के शरीर में पीरियड्स को कुछ समय रोकने, हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने और ओवरी पर पड़ने वाले तनाव को कम करने का काम करती है। यही वजह है कि ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली महिलाओं में कैंसर का खतरा कम होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ओवरी कैंसर के रिस्क फैक्टर्स और ब्रेस्टफीडिंग की प्रोटेक्टिव भूमिका के बारे में बताने जा रहे हैं।

**ओवरी कैंसर के रिस्क फैक्टर्स-** 40 साल की उम्र के बाद ओवरी कैंसर का खतरा बढ़ जाता है और वहीं 65 साल की उम्र में इसके सबसे ज्यादा मामले देखे जाते हैं। अगर परिवार के पहले किसी को ओवरी कैंसर या फिर ब्रेस्ट कैंसर हुआ है, तो इसका खतरा अधिक होता है। जिन महिलाओं को संतान नहीं हुई है, उनमें भी यह खतरा बढ़ सकता है। जो महिलाएं ब्रेस्डफीडिंग नहीं कराती हैं, उनमें भी ओवरी कैंसर का खतरा ज्यादा पाया गया है। गर्भधारण के लिए दवाओं का सेवन करने से भी ओवरी कैंसरका खतरा कुछ हद तक बढ़ सकता है। ज्यादा वजन भी ओवरी कैंसर के रिस्क फैक्टर्स में से एक है।

**ब्रेस्टफीडिंग घटाती है ओवरी कैंसर का खतरा-**इसको समझने के लिए हमको ओवरी कैंसर के कुछ मुख्य रिस्क फैक्टर्स को भी समझना होगा। इसका प्रमुख कारण ओव्यूलेशन प्रोसेस होता है। जब महिला प्रेग्नेंट होती है और ब्रेस्टफीडिंग कराती हैं, तो कुछ समय के लिए पीरियड्स और ओव्यूलेशन का प्रोसेस रुक जाता है। ऐसा होने पर ओवरीज को आराम मिलता है। इस समय ओवरीज को मिलने वाले आराम की वजह से ओवरी की कोशिकाओं को दोबारा ठीक होने का समय मिल जाता है। जिससे असामान्य कोशिकाओं के विकसित होने का खतरा कम हो जाता है। ब्रेस्टफीडिंग से शरीर का हार्मोनल बैलेंस में सुधार होता है और एस्ट्रोजन लेवल कंट्रोल में रहता है। बच्चे को 6 महीने या फिर इससे ज्यादा समय तक ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली महिलाओं में ओवरी कैंसर का खतरा अधिक कम पाया जाता है।

**ओवरी कैंसर के खतरे को कम करने वाले कारक-**जिन महिलाओं के बच्चे हैं और उनमें ओवरी कैंसर का खतरा कम होता है। प्रग्नेंसी के समय पीरियड्स रुक जाता है और इससे ओवरीज पर भी तनाव कम होता है। जो महिलाएं 5 साल या फिर इससे अधिक समय तक ओरल कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स लेती हैं, उनमें भी ओवरी कैंसर का खतरा कम पाया जाता है। साथ ही नसबंदी कराने से भी इस कैंसर का खतरा कम हो सकता है। क्योंकि इस प्रोसेस में फैलोपियन ट्यूब्स को बांध दिया जाता है।

# विश्वास का वैश्विक सेतु और व्यापारिक समरसता का आधार

**ललित गर्ग**

विश्व मानक दिवस प्रत्येक वर्ष 14 अक्तूबर को मनाया जाता है। यह दिवस उस अदृश्य व्यवस्था का उत्सव है जो हमारे जीवन, उद्योग, व्यापार और सुरक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करती है। मानकीकरण केवल कोई तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विश्वसनीयता, सुरक्षा, पारदर्शिता और आपसी सहयोग की ऐसी बुनियाद है जो मानव जीवन की सहजता और स्थिरता का आधार बनती है। इस दिवस का उद्देश्य यह स्मरण कराना है कि किसी भी उत्पाद, सेवा या व्यवस्था की उपयोगिता तभी टिकाऊ और भरोसेमंद हो सकती है जब उसमें निर्धारित मानक और गुणवत्ता की कसौटी कायम हो। विश्व मानक दिवस उन हजारों विशेषज्ञों और कर्मयोगियों को सम्मान देने का भी अवसर है जो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बैठकर विश्व के हित में ऐसे मानक तय करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मानकीकरण की भूमिका पर ज़ोर देना है, जो सबके लिए समान हों, निष्पक्ष हों और मानवता की सुरक्षा और प्रगति के लिए हों। यह दिवस 1946 में हुई पहली बैठक की याद में मनाया जाता है, जिसमें 25 देशों के प्रतिनिधि लंदन में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना के लिए एकत्र हुए थे, जो मानकीकरण पर अपने प्रयासों को केंद्रित करेगा। हालाँकि अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन का गठन किया गया था, लेकिन पहला विश्व मानक दिवस 1970 में ही मनाया गया। विश्व मानक दिवस का उद्देश्य जनता को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना है। अर्थात् स्वास्थ्य सेवा से लेकर तकनीक तक, लगभग हर क्षेत्र के उत्पादों और सेवाओं में सुरक्षा, विश्वसनीयता और गुणवत्ता। 2025 की थीम 'सहयोग' है, जो प्रगति को संभव बनाने के लिए साझेदारी के महत्व को दर्शाती है। यह सहयोग की शक्ति और इस विश्वास का प्रमाण है कि हम अपने-अपने हिस्सों के योग से भी अधिक शक्तिशाली हैं। साथ मिलकर काम करके, हम लोगों को स्थिरता की चुनौतियों का सीधा सामना करने के लिए वास्तविक समाधानों से सशक्त बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो ने इस वर्ष की थीम को 'सतत विकास लक्ष्यः लक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक साझेदारी' के रूप रखा है। एक बेहतर विश्व निर्माण के लिए साझा दृष्टिकोण का विशेष महत्व है, इस दिवस को मनाने का लक्ष्य उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देना और उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

आज जब वैश्वीकरण, तकनीकी तीव्रता, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य संकट और आपूर्ति श्रृंखला जैसी जटिल चुनौतियाँ सामने हैं, तब मानकीकरण का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। मानक ही वह भाषा हैं जिनसे विश्व के देश एक-दूसरे को समझ पाते हैं। जब कोई वस्तु या सेवा एक निश्चित मानक के अनुरूप होती है, तो उसे किसी भी देश में स्वीकार किया जा सकता है। इससे



व्यापार सहज होता है, उपभोक्ता का भरोसा बढ़ता है और देशों के बीच परस्पर निर्भरता मजबूत होती है। यही कारण है कि मानकीकरण को विश्व व्यापार की आत्मा कहा जाता है। इससे केवल आर्थिक लाभ नहीं होता, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को भी सुनिश्चित करता है। विश्व मानक दिवस के इस सन्देश के विपरीत आज की राजनीति में कई बार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं जो विश्व व्यापार और आपसी सहयोग की भावना को कमजोर करते हैं। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपनाई जा रही अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ नीति इसका उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रतिस्पर्धा के नाम पर आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाकर एक प्रकार से व्यापार युद्ध का वातावरण बना दिया है। यह नीति केवल व्यापारिक हितों को नहीं बल्कि वैश्विक संतुलन को भी प्रभावित कर रही है। टैरिफ की यह दीवारें देशों के बीच अविश्वास बढ़ाती हैं, कीमतों में वृद्धि करती हैं और आपूर्ति श्रृंखला को असंतुलित करती हैं। आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ने से उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है, उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ती है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गति धीमी पड़ जाती है।

विश्व व्यापार संगठन ने पहले ही चेताया है कि ऐसी टैरिफ नीतियाँ वैश्विक व्यापार वृद्धि को घटा रही हैं और निवेशकों में अस्थिरता पैदा कर रही हैं। टैरिफ केवल कर या शुल्क नहीं होते, वे राष्ट्रों के बीच विश्वास का संकेत भी होते हैं। जब कोई देश बार-बार अपने आर्थिक हितों की आड़ में ऊँचे शुल्क लगाता है, तो अन्य राष्ट्र प्रतिकार के रूप में अपने दरवाज़े बंद करने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि जो विश्व पहले एक साझा बाज़ार की ओर बढ़ रहा था, वह फिर से सीमाओं और अविश्वास की जंजीरों में बँधने लगता है। ऐसे में विश्व मानक दिवस यह सन्देश देता है कि दुनिया को जोड़ने का वास्तविक माध्यम व्यापारिक शुल्क नहीं बल्कि मानकीकरण है। मानक देशों को एक साझा धरातल प्रदान करते हैं, जहाँ उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा का विश्वास इतना मजबूत होता है कि किसी अतिरिक्त शुल्क या रोक की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। मानकीकरण दरअसल विश्वास का पुल है जो सीमाओं के आर-पार लोगों, वस्तुओं और विचारों को जोड़ता है। जब एक देश दूसरे देश के मानकों को स्वीकार करता है, तो यह आपसी सम्मान और पारदर्शिता का प्रतीक होता है। इसी प्रक्रिया से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सरलता आती है, सुरक्षा और गुणवत्ता की गारंटी मिलती है और उपभोक्ता हित सुरक्षित रहते हैं। मानकीकरण की यह प्रक्रिया न केवल औद्योगिक या व्यापारिक है बल्कि यह मानवीय भी है। इसके मूल में समानता, निष्पक्षता और सहयोग की भावना निहित है। यह वह दर्शन है जो कहता है कि विश्व एक परिवार है और सबकी भलाई में ही अपनी भलाई है। अतः जब कोई राष्ट्र टैरिफ या प्रतिबंधों की दीवार खड़ी करता है, तो वह इस वैश्विक परिवार के बीच विभाजन की रेखा खींचता है। मानक उन रेखाओं को मिटाते हैं और संबंधों को जोड़ते हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि मानकीकरण केवल औद्योगिक मंच तक सीमित न रहे, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय नीति का भी आधार बने। विश्व के सभी देश मानकों के निर्धारण में समान भागीदारी करें ताकि कोई भी राष्ट्र या कंपनी इस प्रक्रिया पर वर्चस्व न जमा सके। छोटे और विकासशील देशों को भी अंतरराष्ट्रीय मानक संस्थाओं में समान अवसर मिले ताकि वे अपने उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से वैश्विक व्यापार में समान रूप से शामिल हो सकें। इसके साथ ही प्रमाणन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना आवश्यक है ताकि छोटे उद्योग भी मानक के अनुरूप अपने उत्पादों को विश्व स्तर पर प्रस्तुत कर सकें। विश्व मानक दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि मानवता की प्रगति केवल आर्थिक शक्ति में नहीं बल्कि उस सहयोग और विश्वास में है जो मानकीकरण के माध्यम से संभव होता है। अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ जैसी नीतियाँ क्षणिक राजनीतिक लाभ तो दे सकती हैं, पर वे विश्व के समन्वित विकास और आपसी विश्वास को नष्ट करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी राष्ट्र मानकीकरण की भावना को अपनाएँ और विश्व व्यापार को किसी प्रतिस्पर्धा या प्रतिशोध का माध्यम न बनाकर साझेदारी और साझा उन्नति का माध्यम बनाएँ। मानकीकरण ही वह अदृश्य तंतु एवं बुनियादी आधार है जो दुनिया को एकजुट रखता है। यह न केवल उत्पादन और व्यापार में गुणवत्ता लाता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में विश्वसनीयता और सुरक्षा का भाव जगाता है। विश्व मानक दिवस इस विचार का प्रतीक है कि जब तक हम समान मानकों और साझा मूल्यों से नहीं जुड़ते, तब तक विश्व की एकता अधूरी है। इसलिए इस दिवस पर यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि हम ऐसी नीतियों से दूर रहें जो विभाजन उत्पन्न करें, और मानकीकरण की उस साझा राह पर चलें जो सबके लिए विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। संपूर्ण मानक प्रणाली सहयोग पर आधारित है।

## एक नजर

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 15-16 अक्टूबर को

**महासमुन्द 14 अक्टूबर ।** सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 3 चरण में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में ग्रामीण 25 एवं शहरी 05 कुल 30 संकुल में आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में संकुल के विजेता टीम एवं विजेता खिलाड़ी अपने-अपने विधानसभा में शामिल होंगे। सांसद खेल महोत्सव में सामूहिक खेलों के लिए आयु वर्ग 14 से 19 वर्ष एवं 19 से 24 वर्ष तथा व्यक्तिगत खेलों के लिए आयु वर्ग 14 से 17 वर्ष, 18 से 20 वर्ष एवं 21 से 24 वर्ष के बालक एवं बालिका शामिल होंगे। सामूहिक खेलों में खो-खो, कबड्डी एवं बॉलीबॉल तथा व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौंड, 400 मीटर दौंड, गोलाफेंक, भालाफेंक, लंबीकूद, ऊंचीकूद, गेड़ी दौड़ संकुल स्तर पर आयोजित होंगे। आयोजन की तैयारियों के विषय में सांसद लोकसभा महासमुंद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी की उपस्थिति में आयोजित बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुन्द हेमंत नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे को आयोजन को सफल बनाने में प्रशासनिक आवश्यकताओं को लेकर तीनों चरणों के आयोजन को सफल बनाया जाना है, जिनके माध्यम से आयोजन में आवश्यक संसाधन, पुरस्कार, प्रमाण-पत्र, परिवहन, भोजन, आवश्यक सामग्री एवं संपूर्ण व्यवस्था पर चर्चा कर आयोजन को सफल बनाया जा रहा हैं।

### मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में धमतरी जिले की कार्यप्रणाली की सराहना की

**धमतरी, 14 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय (महानदी भवन) में रविवार को आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस 2025 में सुशासन, पारदर्शिता और जनहित के नए मानक स्थापित किए गए। बैठक में मुख्यमंत्री की कार्यकुशलता, वर्क-डिसिप्लिन और परिणाम केंद्रित दृष्टिकोण का स्पष्ट संदेश प्रशासन को मिला। बैठक में मुख्य सचिव श्री विकास शील, विभागीय सचिव, संभागायुक्त एवं सभी जिलों के कलेक्टर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धमतरी जिले के कार्यों की विशेष सराहना की। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजातियों के ग्राम विकास कार्यों में धमतरी द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों को धमतरी से प्रेरणा लेने की सलाह दी।धमतरी जिला प्रशासन ने योजनाओं के क्रियान्वयन में जनभागीदारी और पारदर्शिता का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जनमन योजना तथा स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की भी समीक्षा की और धमतरी में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने आगामी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों का भी जायजा लेते हुए किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### कौशल प्रशिक्षण के लिए शिविर 15 अक्टूबर को भखारा-भठेली में

**धमतरी, 14 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण शिविर के लिए नगरपंचायत भखारा-भठेली में 15 अक्टूबर, बुधवार को सुबह 10 से शाम चार बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके।

### अंवरी स्कूल में सामाजिक अंकेक्षक एवं साइकिल वितरण किया गया

**अंवरी, 14 अक्टूबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंवरी में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 में सामाजिक अंकेक्षक सहपालक शिक्षक बैठक आयोजन किया गया था । जिसमें पालक गण एवं शिक्षक गण त्रिमाहि रिजल्ट एवं शाला कि गतिविधियों कि जानकारी दी गई। एवं बच्चों को प्रशन पुछे एवं सामजिक अंकेक्षक का कार्य को पुरा किया । जिसमें आई आर साहू ने खेलकूद पढ़ाई लिखाई एवं प्रयोगिक कार्यशाला कि जानकारी दिया गया। समन्वयक चन्द्रेश कुमार कुर्रे एवं नोडल अधिकार गजेंद्र कुमार साहू ने एवं उच्च अधिकारी नयाब तहसीलदार ने बताया कि हम लोग 20 बिन्दु पर जानकारी लिया गया । साथ में पालक समिति के अध्यक्ष सदस्यों द्वारा 27 छात्रों को साइकिल वितरण किया गया ।

जिसमें जिला पंचायत सभापति कुलेश्वरी गायकवाड़ , सुनील गायकवाड़, शाला विकास समिति अध्यक्ष फलेन्द्र कुमार ध्रुव, बालाराम ध्रुव, खिलेश साहू, बिसाहु राम साहू, भुनेश्वर साहू, प्रेम लाल, वत्सलय चन्द्राकार, स्वाति टण्डन, परमीला सिन्हा, के एल यादव, पी एन साहू, एल बी साहू, आर आर ध्रुव, डीके साहू, जेएल घृतलहरे, एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित थे ।

# जनदर्शन में सुनी गई आम जनता की समस्याएं



**रायगढ़, 14 अक्टूबर।** जिला कलेक्टोरेट में आज साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में आज अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे आमजनों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जनदर्शन में पीएम आवास, राजस्व, राशन कार्ड, सामाजिक पेंशन समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री टोप्पो ने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला कलेक्टोट में प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें और आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। रायगढ़ निवासी रुक्मणी स्वर्णकार ने भूमि पट्टा की अवधि बढ़ाने संबंधी प्रकरण का निराकरण न होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि नजूल न्यायालय में आवेदन दिए काफी समय हो गया है, पर समाधान नहीं हुआ। इसी तरह ग्राम बरपाली के सरपंच ने बताया कि पुराना पंचायत भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है और अब उपयोग में नहीं लाया जा सकता। उन्होंने नया पंचायत भवन निर्माण की मांग की। रायगढ़ के श्री निर्मल कुमार मरार ने चिकित्सा सहायता प्रदान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं धरमजयगढ़ विकासखंड के जबगा गांव से आए ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें धान विक्रय के लिए 25 किलोमीटर दूर जमरगी डी जाना पड़ता है, जिससे भारी परेशानी होती है। उन्होंने स्थानीय धान खरीदी उपकेन्द्र की स्थापना की मांग की। किरोड़ीमल नगर की सुनीता साहू ने ग्राम उच्चभिट्ठी में स्थित अपनी निजी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे और बाउंड्री वॉल निर्माण की शिकायत दर्ज कराई।

# सोलर सिस्टम लगाने के बाद बिजली बिल नहीं के बराबर



**रायगढ़, 14 अक्टूबर।** सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का पूरे जिले के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग अपने घर में सोलर सिस्टम लगाकर अब खुद ही बिजली निर्माता बन गए हैं और इसे वापस बिजली वितरण कंपनी को दे रहे हैं। जिससे उनके घर का बिजली का बिल न के बराबर या फिर बहुत कम आ रहा है। राज्य में घरेलू सोलर पावर प्लांट लगाने के मामले में रायगढ़ जिला लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। छ.ग.विद्युत वितरण कंपनी और स्थानीय बैंकों के सहयोग से लोग आसानी से सोलर सिस्टम अपने घरों में लगवा रहे हैं। रायगढ़ शहर की लाभार्थी सुनीता पटेल बताती हैं कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उन्होंने आसानी से आवेदन किया। आवेदन के बाद बैंक से तुरंत लोन मिला और अगले दिन उनके घर में 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लग गया। बीते दो महीने से उनके घर का बिजली बिल नहीं के बराबर आ रहा है, जो पहले 3 हजार रुपये से अधिक का आता था अब वह ऋणात्मक में आ रहा है।

इसका फायदा देखते हुए उन्होंने अपने घर में एक और सोलर सिस्टम लगवा लिया। सुनीता पटेल कहती है कि सोलर सिस्टम लगाने से पैसे की बचत हो रही है, इस बार उनका दीवाली अच्छे से मनेगा।

#### 1 लाख से अधिक की सब्सिडी

केंद्र और राज्य द्वारा लोगों को 3 किलोवाट के सोलर सिस्टम में 1 लाख 08 हजार रूपये की सब्सिडी मिल रही है। जिसमें केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार और राज्य सरकार की ओर से 30 हजार रूपये मिल रहे हैं। 3 किलोवाट के सिस्टम को लगाने में प्रति सिस्टम 1 लाख 90 हजार रूपये का खर्च आता है सब्सिडी काटने के बाद यह रकम महज 72 हजार रूपये हो जाती है

### वृद्धाश्रम शिविर में 47 बुजुर्गों का नेत्र परीक्षण किया




**रायगढ़, 14 अक्टूबर ।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन रायगढ़ द्वारा रजत जयंती के उपलक्ष्य में नेत्र जांच शिविर का आयोजन वृद्धाश्रम (आशाप्रेरित देखभाल गृह), बाजिनपाली रोड, फटहामुड़ा रायगढ़ में किया गया। शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जगत तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में वृद्धाश्रम के कुल 47 बुजुर्गजन तथा सभी कार्यरत कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस जांच के दौरान 14 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जिनमें 9 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं। इसके अलावा 4 व्यक्तियों में

## आयुष स्वास्थ्य मेला में 855 लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया



**रायगढ़, 14 अक्टूबर।** गढ़उमरिया में जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 855 से अधिक रोगियों का निःशुल्क उपचार किया गया। इस शिविर का आयोजन आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रातः 10 बजे भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पुसौर श्रीमती हेमलता चौहान, श्रीमती भाग्यवती डोलनारायण नायक जिला पंचायत सदस्य, श्री नित्यानंद यादव, श्री दुलार साहू एवं डॉ.सी.एस. गौरहा जिला आयुष अधिकारी उपस्थित रहे । शिविर प्रभारी डॉ. नीरज मिश्रा ने आयुर्वेद की वैज्ञानिकता, प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों की उपयोगिता तथा जनसामान्य के बीच इसकी पहुंच बढ़ाने पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पूर्वकाल में गांव-गांव वैद्य होते थे जो नाड़ी परीक्षण कर जड़ी-बूटियों से इलाज करते थे, और आज शासन इन पद्धतियों को पुनः जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। इस दौरान गिलोय (गुडुचादी) काढ़ा पिलाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का संदेश दिया गया। मौके पर नेत्र परीक्षण व आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध करायी गई। वहीं आयुर्वेदिक जागरूकता के लिए पाम्पलेट व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही मधुमेह, उच्च रक्तचाप, वातरोग, ऋतुचर्या, योगाभ्यास आदि की जानकारी दी गई।

### नई राशन दुकान के लिए 23 अक्टूबर तक आवेदन

**रायगढ़, 14 अक्टूबर ।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 तुर्रीपारा एवं संलग्न क्षेत्र में युक्तियुक्तकरण करते हुए एक नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान स्थापित किए जाने हेतु नवीन संचालन एजेंसी की नियुक्ति की जानी है। दुकान संचालन हेतु इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रारुप में आवेदन 23 अक्टूबर 2025 तक कार्यालयीन समयावधि में खाद्य अधिकारी, रायगढ़ कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सान्वी पटेल रही प्रथम



**रायगढ़, 14 अक्टूबर ।** पीएम श्री नटवर स्कूल, रायगढ़ में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सात विकासखंडों से चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रयोगों व तार्किक प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। इस वर्ष विज्ञान सेमिनार का विषय ÷प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना÷ रखा गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी नवीन तकनीकों, पुनर्चक्रण के उपायों और प्लास्टिक के विकल्पों पर अपने नवाचारपूर्ण विचार एवं वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी. राव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा-विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इसके प्रयोग से न केवल जीवन स्तर सुधरता है, बल्कि समाज की अनेक समस्याओं का समाधान भी संभव है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे नई सोच, नई दिशा और प्रयोगधर्मी दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने आगे प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी प्रतिदिन विज्ञान से संबंधित समाचार अवश्य देखें, शाम को विज्ञान पर आने वाले कार्यक्रमों पर ध्यान दें और डेली न्यूज पेपर पढ़ने की आदत डालें। यह आदत आपकी वैज्ञानिक समझ और जागरूकता को मजबूत बनाएगी। नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने कहा सभी विकासखंडों से आए विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जो विद्यार्थी जिला स्तर पर चयनित होंगे, वे जोन स्तर पर रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे और आगे राज्य स्तर तक पहुँचेंगे। एपीसी श्रीमती किरण मिश्रा एवं अभय पांडे ने बताया कि विद्यार्थियों की प्रस्तुति अत्यंत प्रभावशाली रही। उन्होंने राज्य स्तर पर प्रस्तुति को और निखारने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। निर्णायक के रूप में दिनेश वर्मा, शा. उच्च. विद्यालय, गोरखा, अनुपम तिवारी, शा. उ. मा. विद्यालय, गेरवानी ,किरण कुमार पटेल, शा. उ. मा. विद्यालय, तारापुर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डीएमसी आलोक स्वर्णकार ने कहा विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का आधार है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने नवाचारों के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण जैसी वैश्विक समस्या के समाधान हेतु योगदान दें। सहायक नोडल अधिकारी वीर सिंह ने बताया कि इस आयोजन में जिले के सभी सातों विकासखंडों के विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें प्रथम स्थान सान्वी पटेल विकासखंड धरमजयगढ़, द्वितीय स्थान आकांक्षा चौधरी पुसौर, तृतीय स्थान निधि प्रधान घरघोड़ा चयनित प्रतिभागी आगे जोन स्तरीय प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सीएससी राजकमल पटेल द्वारा अत्यंत प्रभावशाली और गरिमामय ढंग से किया गया। अंत में सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की।

### जिले में पशु धन जागृति अभियान 17 से 24 अक्टूबर तक

**महासमुंद 14 अक्टूबर ।** राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा 17 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2025 तक पशुधन जागृति अभियान मनाया जाएगा।उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के सभी विकासखण्डों में पशुपालकों की सक्रिय भागीदारी से विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिसमें 17 अक्टूबर को विकासखण्ड स्तरीय पशु मेला एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अच्छे पशु-पक्षियों का प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता के साथ पुरस्कृत किया जाएगा।

## जिले में 14788 श्रमिकों को 4.68 करोड़ से अधिक की राशि वितरित



**महासमुंद, 14 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के श्रमिकों तक निरंतर पहुँचाया जा रहा है। शासन की मंशानुरूप प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक परिवार को सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा निरंतर शिविर, पंजीयन एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्रों तक पहुँचाया जा रहा है। पंजीकृत मज़दूरों को शिक्षा, स्वास्थ्य, औजार सहायता, मातृत्व लाभ, मृत्यु सहायता एवं आवास जैसी अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। इन योजनाओं ने हजारों निर्माण मजदूरों के जीवन में नया उजाला फैलाया है। कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में श्रम कल्याण मंडल महासमुंद द्वारा डीबीटी के माध्यम से श्रमिकों के खातों में सीधे सहायता राशि प्रदान की गई है। ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लाभ समय पर मिले। श्रम पदाधिकारी श्री डी.एन. पात्र ने बताया कि विगत 17 सितम्बर एवं 3 अक्टूबर 2025 को डीबीटी के माध्यम से 14 हजार 788 श्रमिकों के खाते में 4 करोड़ 68 लाख 690 रुपए की राशि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा अंतरित की गई।विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री निर्माण मज़दूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना अंतर्गत 3 हजार 443 श्रमिकों को 51 लाख 64 हजार 500 रुपए की सहायता दी गई है। इसी तरह निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना अंतर्गत 3005 श्रमिकों को 40 लाख 72 हजार रुपए, मुख्यमंत्री सायककल सहायता योजना अंतर्गत 2 हजार 724 श्रमिको को एक करोड़ 89 हजार 6 रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना अंतर्गत 2 हजार 629 श्रमिकों को 91 लाख 41 हजार 584 रुपए, ॅअंतर्गत 3 श्रमिकों एक लाख 50 हजार रुपए, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना अंतर्गत एक श्रमिक को एक लाख रुपए का की सहायता राशि प्रदान किया गया है।

## ग्राम अछोटा में पोषण माह में विविध कार्यक्रम आयोजित

**धमतरी, 14 अक्टूबर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर द्वारा धमतरी विकासखंड के ग्राम अछोटा में आज पोषण माह के अंतर्गत विशेष लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति, महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति श्री कैलाश देवांगन थे। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती सावित्रीबाई ढीमर, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती टिंकी साहू, स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर श्री द्वारिका प्रसाद साहू तथा आरएमए डॉक्टर श्रीमती डिंपी साहू उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि से की गई। इसके अंतर्गत महिलाओं के बीच कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता एवं पोषण आहार विषय पर प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार तथा गर्भवती माताओं का गोद भराई समारोह भी संपन्न हुआ। इसी अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लगभग 75 महिलाओं का एच.बी. (हीमोग्लोबिन) परीक्षण सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। स्थल पर लगाए गए पोषण स्टॉल के माध्यम से संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, स्वच्छता एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन, जनपद सदस्य श्री कैलाश देवांगन एवं सरपंच श्रीमती सावित्रीबाई ढीमर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पोषण आहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। सुपरवाइजर श्रीमती टिंकी साहू ने पोषण से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी, वहीं डॉक्टर श्रीमती डिंपी साहू ने कुपोषण से उत्पन्न बीमारियों एवं उनके बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में लगभग 30 आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कला ध्रुव द्वारा किया गया।

## बेलसोंडा स्कूल के विद्यार्थी विकसित भारत बिल्डथॉन-25 के लिए बनाएंगे प्रोजेक्ट



**महासमुंद 14 अक्टूबर ।** नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में छात्रों की सृजनशीलता को बढ़ावा देने हेतु केंद्र सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 कार्यक्रम में महासमुंद जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा की दो छात्राओं का चयन जिले से संवाद के लिए हुआ। यह कार्यक्रम देशभर में युवाओं में नवाचार, तार्किक सोच और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय शिक्षा विभाग द्वारा देशभर के विद्यार्थियों से वर्चुअल संवाद किया गया। इस संवाद में महासमुंद जिले की दो छात्राएं कक्षा 10वीं की कुमारी मेघना चंद्राकर तथा कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की कु. अहिल्या साहू ने सहभागिता की। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान समग्र शिक्षा राज्य कार्यालय से श्री कौशिक जी, उप संचालक श्रीमती मुक्ति बैस, रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारतीय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय लहरे, डीएमसी श्री रेखराज शर्मा, विद्यालय के शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इन छात्राओं द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट ऐ आई सेंसर कैमरा और लेबर स्मार्ट बैंड पर आधारित है, जो श्रमिकों के कार्यस्थलों पर सुरक्षा, निगरानी और सुविधा बढ़ाने में उपयोगी साबित होगा। यह प्रोजेक्ट आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी नवाचार, लोकल फॉर वोकल और समृद्ध भारत की थीम पर आधारित है।इस 'बिल्डथॉन को एक तरह की इनोवेशन मैराथन कहा जा सकता है, जिसमें देशभर के विद्यार्थी और नवप्रवर्तक किसी सामाजिक या तकनीकी समस्या के समाधान हेतु अपने विचारों को प्रोटोटाइप के रूप में प्रस्तुत करते हैं। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 23 सितंबर 2025 को हुई थी। 6 से 11 अक्टूबर तक पंजीयन की प्रक्रिया चली और 13 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रोजेक्ट जमा किए जाएंगे। नवंबर माह में इन प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन किया जाएगा तथा दिसंबर में परिणाम घोषित होंगे। देशभर से चयनित 10 हजार प्रतिभागियों को कुल एक करोड़ रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर अधिकारियों ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुसंधान, तकनीकी ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने हेतु प्रेरित करते हैं।

## दीपावली पर्व पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच जारी, 3 नमूने अवमानक पाए गए



**महासमुन्द 13 अक्टूबर ।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत शंखनाद भोई, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक महासमुन्द शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में निरीक्षण कर त्योहारी सीजन में उपयोग होने वाले आटा, देशी घी, सूजी, कलाकंद, पनीर, खुली मिठाइयाँ, बिस्किट, कुकीज एवं टोस्ट आदि खाद्य पदार्थों के कुल 09 सर्विलेंस नमूने संकलित किए गए। इन सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर को प्रेषित किया गया है। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा महासमुंद शहर के विभिन्न होटलों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 50 खाद्य नमूने संकलित कर मौके पर परीक्षण किए गए, जिनमें से 03 नमूने अवमानक पाए गए।निरीक्षण दल द्वारा होटल संचालकों को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने एवं अवमानक खाद्य पदार्थों के विक्रय से बचने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। उल्लंघन की स्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# रजत जयंती वर्ष पर जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन 18 अक्टूबर को

**महासमुंद 14 अक्टूबर ।** रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजना अंतर्गत समवर्गीय विभागों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर के सहयोग से जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन 18 अक्टूबर 2025 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन, संजय कानन के पास, बागबाहरा रोड में किया जाएगा। किसान मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों के बीच विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना, कृषक उपयोगी गतिविधियों एवं नवोन्मेषी तकनीकों की जानकारी देना, साथ ही उत्कृष्ट कृषि उत्पाद एवं सह-उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर जीवंत प्रदर्शन प्रस्तुत करना है।

उप संचालक कृषि श्री एफ आर कश्यप ने बताया कि मेले में भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं प्रचार सामग्री का वितरण किया जाएगा। साथ ही प्रगतिशील कृषकों, एन.जी.ओ., कृषि विज्ञान केन्द्र, नाबार्ड, इफको, एफ.पी.ओ. एवं अन्य समवर्गीय विभागों द्वारा कृषक उपयोगी नवाचार तकनीक, उत्कृष्ट उत्पाद एवं सह उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस अवसर पर मधुमक्खी पालन, जैविक खेती, पशुपालन, मत्स्यपालन, मुर्गीपालन एवं मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा एवं किसान गोष्ठी का आयोजन कर विशेषज्ञों द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं आय वृद्धि उपायों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा तथा मोबाइल लैब के माध्यम से मृदा परीक्षण कार्य का संपादन किया जाएगा। इसी तरह फार्म मशीनरी एवं किसान हितैषी उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जैविक उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी समवर्गीय विभागों, कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर, एन.जी.ओ., प्रगतिशील कृषक एवं निजी संस्थाओं से सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की है।

**एक नजर**

## शहर की जर्जर सड़कों से यातायात हुआ प्रभावित

**रायपुर, 14 अक्टूबर।** बरसात के बाद शहर की अधिकांश सड़कें गढ्डे एवं जर्जर हालात की शिकार है। यहां तक की कबीर चौक से पुराना मुख्यमंत्री निवास एवं छग कालेज चौक से छग क्लब होते हुए भगत सिंह चौक तक ओव्हरब्रीज रोड में भी गहरे गढ्डे है। जिसके चलते रोज यातायात प्रभावित हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री निवास स्थल के चारों ओर गढ्डेदार सड़कों पर लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है। जिसके कारण यह विषय जन चर्चा में है। वहीं शहर के चारों ओर बाईपास रिंग रोड में भी सड़कें जर्जर हालात की शिकार है। शहर के मुख्य बाजार तेलीबांधा क्षेत्र मोवा सड्डू दलदलसिवनी क्षेत्र पुरानी बस्ती अंदरूनी क्षेत्र डंगनिया शीतला माता मंदिर के आसपास का क्षेत्र एवं गुढ़ियारी क्षेत्र के मुख्य बाजार क्षेत्रों में सड़कें इतनी जर्जर है कि लोग परेशान है। इधर मालवीय रोड सदर बाजार में बूढ़ापारा तक तथा कंकालीपारा होते हुए आमापारा चौक तक सुबह शाम लग रहा जाम कामकाजी लोगों के काम में रूकावट डाल रहा है। रायपुर सिनियर सिटीजन क्लब के अध्यक्ष पूर्व मुख्य अभियंता मप्र शासन एचसी शुक्ला एवं मार्निंग ओल्ड क्लब के मेंबर कन्हैया जायसवाल ने उप मुख्यमंत्री एवं नगर निकाय मंत्री अरूण साव एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शहर की सड़कों को पुनः डामरीकृत करने के लिए निवेदन किया है।

## धान खरीदी के लिए एकल प्लास्टिक बोरा लेगा मार्कफेड



**रायपुर, 14 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी उत्सव 15 नवंबर से शुरू हो रहा है। जूट की बारदाने की कमी को देखते हुए एकल प्लास्टिक बोरा की खरीदी करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत अब बारदानों की कमी दूर हो जाएगी। मार्कफेड ने इसके लिए टेण्डर जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ विपणन संघ द्वारा बारदाना खरीदी के लिए जूट कमिश्नर कलकत्ता से संपर्क किया गया। लेकिन यहां पर जूट की बारदाने की कमी है। इसके चलते राज्य शासन ने एकल प्लाटिक बोरा खरीदने का निर्णय लिया है, इसके तहत मार्कफेड ने टेण्डर जारी कर दिया है। यह खरीदी जेम पोर्टल के आधार पर की जाएगी। राज्य में इस समय 1.50 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जाएगा, जिसके कारण लाखों बोरा की आवश्यकता पड़ेगी। केन्द्र शासन द्वारा प्लाटिक बोरों की अनुमति नहीं दी जाती थी, लेकिन जूट के बारदाने की कमी को देखते हुए इसकी अनुमति प्रदान कर दी गई है। मार्कफेड ने परिवहन, कम्प्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती सहित अन्य कार्यों के लिए भी टेण्डर जारी कर दिया है, विभिन्न व्यवसायिक बैंको से 50 लाख करोड़ का ऋण लिया जा रहा है। अपेक्स बैंक के माध्यम से इसका भुगतान किया जाएगा। केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर, अम्बिकापुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर बैंक से किसानों को आरटीजीएस सिस्टम से भुगतान किया जाएगा। इसके लिए अपेक्स बैंक द्वारा एक साफ्टवेयर बनाया जा रहा है, जो कि सिर्फ केन्द्र के निर्देशानुसार फसल क्रांप तथा राजस्व विभाग की निर्धारित शर्तें पूरी करेगा। राज्य में कुल 2379 धान खरीदी केन्द्र शुरू किए जा रहे हैं। वर्तमान में मार्कफेड धान खरीदी को लेकर घाटे में चल रहा है। चावल माफिया, राईस मिलर्स, मार्कफेड को घाटे में ले जा रहे हैं। प्रदेश में 8 लाख गठान बारदानों की आवश्यकता होती है। राज्य में पिछले वर्ष बारदाने के लिए किसानों को किराए से बारदाना दिया जा रहा था।

**रासायनिक उर्वरकों की खरीदी त्न** मार्कफेड द्वारा वर्ष 2025 के लिए रासायनिक उर्वरकों की खरीदी की जाएगी। प्रदेश में एनपीके, यूरिया, पोटास की आवश्यकता पड़ेगी। यहां पर धान के पश्चात रवि फसल की तैयारी की जाएगी। इसके लिए भी खाद की आवश्यकता होगी। प्रदेश में प्रतिवर्ष 11 हजार करोड़ रूपए की धान खरीदी की जाती है। यहां पर एनपीके खाद की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। राज्य में धान खरीदी उत्सव 15 नवंबर से शुरू हो रही है। इसके लिए तोहर टोकन-तोहर द्वार के तहत टोकन दिया जाएगा। इसके लिए धान खरीदी में गांव के लिए अलग-अलग तिथि तय की गई है।

# जीएनएम से नर्सिंग में अपग्रेड महाविद्यालयों को काउंसलिंग में शामिल करने की तैयारी



**रायपुर, 14 अक्टूबर।** जीएनएम से नर्सिंग पाठ्यक्रम में अपग्रेड हुए आधा दर्जन कॉलेजों को काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है. आज यानी 14 अक्टूबर को नर्सिंग में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि है. ऐसे में काउंसलिंग की तिथि बढ़ने की भी संभावना है. बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग एवं पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साइकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया चल रही है.

आज यानी 14 अक्टूबर को ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि है. लंबे इंतजार के बाद नर्सिंग में प्रवेश तो शुरू हुआ किन्तु जीएनएम से नर्सिंग पाठ्यक्रम में अपग्रेड हुए कॉलेजों को काउंसलिंग से ही बाहर कर दिया गया. पोर्टल पर चॉइस संस्था की सूची में 6 नर्सिंग कॉलेजों का नाम शामिल नहीं है. इसके चलते बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह जाएंगे.

अपग्रेड कॉलेजों को काउंसलिंग में शामिल करते हुए प्रवेश की अनुमति देने की मांग को लेकर प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिव एवं चिकित्सा शिक्षा आयुक्त से मिलकर समस्याएं बताई. बताते हैं कि चिकित्सा शिक्षा सचिव ने जीएनएम से नर्सिंग में अपग्रेड हुए कॉलेजों को काउंसलिंग में शामिल करने के संकेत दिए हैं. माना जा रहा है कि मंगलवार को इन कॉलेजों में प्रवेश हेतु आवेदन की अनुमति मिल जाएगी.

**PICTURE-स्टोरी**



**महाघाट में सफाई व्यवस्था लचर, विसर्जन कुंड में अब तक पड़ी हैं मूर्तियों की लकड़ियां:** महाघाट स्थित विसर्जन कुंड में दुर्गा पूजा और गणेश उत्सव के बाद अब तक मूर्तियों की लकड़ियां और अन्य अवशेष नहीं हटाए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से नगर निगम की ओर से सफाई नहीं की गई है, जिससे कुंड के आसपास गंदगी फैलने लगी है। वहीं, पानी में सड़ रही लकड़ियों से दुर्गंध भी आने लगी है।

### राज्योत्सव स्थल का उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया निरीक्षण

# ड्रांइग डिजाइन देखी, बैठक व्यवस्था और सुरक्षा के दिए निर्देश, 5 दिन का होगा राज्योत्सव

**रायपुर, 14 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ इस बार अपना 25वां स्थापना दिवस मनाएगा। भाजपा जश्न के साथ ही इसे गर्व और पहचान का उत्सव बनाने की तैयारी कर रही है। राज्य सरकार ने इस बार राज्योत्सव को 3 दिन से बढ़ाकर 5 दिन करने का फैसला लिया है।

दरअसल, 1 नवंबर से 5 नवंबर तक नवा रायपुर में भव्य आयोजन होंगे। पीएम मोदी इस बार राज्योत्सव में शामिल होंगे। जबकि समापन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति मौजूद रहेंगे। राज्योत्सव की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। डिप्टी सीएम अरुण साव सोमवार को अटल नगर स्थित राज्योत्सव स्थल पहुंचे थे।

डिप्टी सीएम ने मौके पर पर मौजूद अधिकारियों से कार्यक्रम स्थल का ड्राइंग डिजाइन देखा और अफसरों को सुरक्षा, बैठक व्यवस्था और पॉर्किंग के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए। राज्योत्सव में हर दिन एक अलग थीम के साथ कार्यक्रम होंगे। गांव से लेकर शहर तक और पंचायत से लेकर राजधानी तक, हर स्तर पर छत्तीसगढ़ को उसकी जड़ों से फिर जोड़ने की कोशिश होगी।



### बीजेपी की वापसी के बाद पहली बार हो रहा राज्योत्सव

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा ने 90 में से 54 सीटों पर जीत हासिल की है। 2018 में एकतरफा जीतने वाली कांग्रेस इस बार सिर्फ 35 सीटों पर सिमट गई। जबकि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को 1 सीट मिली है। ऐसे में बीजेपी की सरकार के पहले राज्योत्सव को सरकार एक नए छत्तीसगढ़ की शुरुआत के तौर पर पेश करने जा रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी नई विधानसभा भवन का करेंगे शिलान्यास



राज्योत्सव के खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवा रायपुर में बनने जा रहे नए विधानसभा भवन का शिलान्यास भी करेंगे। साथ ही रायपुर को मिलेगा नया पुलिस कमिश्नरेट दफ्तर, कई विकास योजनाओं का तोहफा भी। पीएम मोदी अपने इस दौरे में रायपुर को नया पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय भी सौंपेंगे। इसके अलावा वे सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। राज्य सरकार ने इन कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां तेज़ कर दी हैं। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तक, हर पहलू को भव्य और जनभागीदारी से भरपूर बनाने की कोशिश हो रही है।

### दिवाली से पहले आबकारी विभाग का एक्शन

# खरोरा में ढाबे से 36 लीटर अवैध शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर, 14 अक्टूबर।** रायपुर जिले के खरोरा इलाके में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शान-ए-पंजाब ढाबा, ग्राम चिचोली (थाना खरोरा) में की गई। मौके से बड़ी मात्रा में देसी और विदेशी शराब जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमरपाल सिंह चावला के रूप में हुई है, जो ग्राम चिचोली का ही निवासी है। विभाग ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया और अवैध शराब को जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान 36 लीटर अवैध मदिरा मिली। इसमें 160 नग देशी मसाला शराब (शोले ब्रांड) और 40 नग विदेशी व्हिस्की (जिप्सी ब्रांड) शामिल हैं। बेचने के लिए शराब की यह खेप ढाबे में अवैध रूप रखी गई थी।

**प्रशासन अलर्ट मोड में**

कलेक्टर ने साफनिर्देश दिए हैं कि जिले में किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है। आबकारी विभाग यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि अवैध शराब की यह खेप कहां से लाई गई थी। इसके पीछे और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### त्योहारी सीजन का असर

# बेंगलुरु, पुणे समेत कई शहरों का किराया 15 हजार के पार

**रायपुर, 14 अक्टूबर।** त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही ट्रेनें पैक हैं। लगभग सभी बड़े शहरों के लिए जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग की स्थिति है। बाहर जाने वाली टैक्सियों का किराया भी बढ़ गया है। इसका असर अब हवाई यात्रा पर भी हो रहा है। रायपुर से बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई समेत कई शहरों का किराया 15 हजार के पार हो गया है। रायपुर से इन शहरों में जाने का किराया थोड़ा कम भी है, लेकिन इन्हीं शहरों से वापसी का टिकट और ज्यादा महंगा होता जा रहा है।

आम दिनों में रायपुर से बेंगलुरु और पुणे जाने का किराया 8 हजार रुपए से भी कम होता है, लेकिन अभी इन्हीं शहरों का किराया 20 हजार रुपए तक पहुंच गया है। बाहरी शहरों से रायपुर आने वाली सभी फ्लाइटों में किराया अभी 10 हजार के पार हो गया है। ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि यह तेजी त्योहार तक रहेगी। 22 अक्टूबर तक दूसरे शहरों से रायपुर आना महंगा ही रहेगा।



**ट्रेनें पैक, टैक्सियों का किराया दोगुना एयर फेयर भी पहुंच गया आसमान में**

एयरलाइंस कंपनियों की ऑनलाइन बुकिंग के अनुसार पुणे की टिकट 18 से 20 हजार, बेंगलुरु का किराया 15 से 17 हजार, चेन्नई 10 से 12 हजार, कोलकाता 10 से 15 हजार, हैदराबाद 7 से 11 हजार और मुंबई का किराया सीट की उपलब्धता के अनुसार 18 हजार रुपए तक पहुंच गया है। संचालकों का कहना है? कि दिवाली में रायपुर से जाने वालों की संख्या कम रहती है। बाहर से आने वालों की ज्यादा होती है। छात्र, कारोबारी और किसी भी सिलसिले से बाहर गए लोग त्योहार के समय घर वापस आते हैं। इस वजह से हर साल दिवाली के समय दूसरे शहरों से रायपुर आना महंगा हो जाता है।

# दीपावली में ठेला-गुमटी हटाने से रोष

### यातायात सुगम बनाने जयस्तंभ चौक से लेकर कोतवाली चौक तक चलाया जा रहा अभियान

- टाटीबंध से लेकर तेलीबांध तक होगा मार्ग पोस्टर मुक्त
- लगभग 2 अवैध ठेले हटाये, लगभग 11 पसरा व्यापारियों के 11 टेबल, लगभग 2 बोरी जूता इत्यादि सामान सड़क से जब्त कर यातायात को पुनः बनाया सुगम

**रायपुर, 14 अक्टूबर।** त्यौहारी सीजन में एमजी रोड, मालवीय रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों में यातायात को सुगम बनाने के लिए ठेला एवं गुमटी चालकों को हटाए जाने से गरीब, व्यापारी परेशान है। टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत जोन 4 क्षेत्र में जय स्तम्भ चौक मुख्य मार्ग से चिकनी मन्दिर होकर जवाहर बाजार, सिटी कोतवाली चौक मुख्य मार्ग मालवीय रोड में नगर निगम ने सड़क को करवाया कब्जामुक्त कराया गया।

राजधानी में इस समय गोलबाजार चिकनी मंदिर, मालवीय रोड, सिटी कोतवाली में खरीदीदारी करने वाली की भीड़ उमड़ रही है। यातायात को सुगम बनाने के लिए चिकनी मंदिर के फूल पूजन सामग्री बेचने वालों को हटा दिया गया है। वहीं चिकनी मंदिर से लेकर जयस्तभ के बीच अवैध कब्जे हटाने के नाम पर गुमटी वालों को भी हटाया जा रहा है। इस समय जवाहर बाजार में कपड़ा जूता, मोजा, फेंसी समान एवं अन्य सामग्री बेचने वाले काफी परेशान है कि त्योहारी सीजन में उन्हें हटाने से रोष है। ज्ञात रहे दीपावली पूर्व उनकी बिक्री धड़ल्ले से होती है।

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार चलाये जाने वाले अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र जोन क्रमांक 4 अतर्गत गोलबाजार एंट्री मुख्य मार्ग चिकनी मंदिर मालवीय रोड होकर जवाहर बाजार होते हुए जयस्तम्भ चौक होकर सिटी कोतवाली चौक मुख्य मार्ग तक जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को मुख्य बाजार क्षेत्र मार्गो में सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने अभियान नगर निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा और नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के मार्गदर्शन उप अभियंता नगर निवेश हिमांशु चंद्राकर की उपस्थिति में चलाया गया।

नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम और नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता की टीम द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए आरएस शुक्ला मार्ग में मुख्य मार्ग एंट्री पाइंट चिकनी मन्दिर के दोनों ओर और जवाहर बाजार मार्ग होकर जयस्तम्भ चौक होकर सिटी कोतवाली चौक मुख्य मार्ग तक लगभग 2 अवैध ठेलों के कब्जे को हटाया गया और मार्ग के किनारे लगभग 11 पसरा व्यापारियो द्वारा सडक पर कब्जा जमाकर रखे गये टेबल सहित लगभग 2 बोरी जूता इत्यादि सामानों को व्यवस्था सुधारने नियमानुसार कडाई के साथ जप्त कर लिया गया। अभियान से गोलबाजार एंट्री पाइट मुख्य मार्ग से चिकनी मन्दिर जवाहर बाजार मार्ग होकर सिटी कोतवाली मुख्य मार्ग मालवीय रोड के यातायात जाम की समस्या त्योहारी सीजन में त्वरित रूप से दूर हुई और नागरिकों और व्यापारियों कोमुख्य बाजार मार्ग में सुगम आवागमन टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत त्वरित रूप से राजधानी शहर रायपुर में एक बार पुनः टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत उपलब्ध हुआ।

**प्रशिक्षण सत्र** | **आईजीकेवी में जूट प्रोडक्शन को बढ़ावा देने किसानों की ट्रेनिंग**

# रायपुर-धमतरी के 30 किसान शामिल हुए, विशेषज्ञ बोले-सिर्फ धान पर निर्भरता सही नहीं



**रायपुर, 14 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में जूट की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार और वैज्ञानिक संस्थान मिलकर पहल कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह वैज्ञानिक किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर-धमतरी के 30 किसानों ने शिरकत की। कार्यक्रम का मकसद किसानों को जूट की उन्नत खेती और उत्पादन तकनीकों से परिचित कराना था। विशेषज्ञों ने उन्हें ये बताया कि सिर्फ धान की खेती पर निर्भर रहना सही नहीं है, जूट की खेती से अतिरिक्त आमदनी भी हो सकती है। यह प्रशिक्षण जूट की खेती परियोजना के तहत आयोजित हुआ, जिसे IBITF (इनोवेशन-बेस्ड इंटीग्रेटेड टेक्सस्टाइल फार्मिंग) की ओर से वित्तपोषित और IIT भिलाई के सहयोग से संपन्न हुआ।

**वैज्ञानिकों ने बताया जूट खेती से किसानों की आमदनी बढ़ेगी :** कार्यक्रम में राष्ट्रीय जूट बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. नीलेन्दु भौमिक और तकनीकी सहायक ने जूट से यांत्रिक फाइबर निष्कर्षण ( मैकेनिकल फाइबर एक्सट्रेक्शन) पर लेक्चर दिया।उन्होंने किसानों को 'रिबनर मशीन' का उपयोग कर दिखाया। जिससे जूट फाइबर निकालने की प्रक्रिया आसान और तेज़ हो जाती है। IIT भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश ने बताया कि जूट जैसी रेशेदार फसलें न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी हैं, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे छत्तीसगढ़ में जूट की खेती को फिर से शुरू करें और खरीफ के साथ-साथ इसे ग्रीष्मकालीन फसल के रूप में अपनाएं।

**धान के साथ जूट को भी अपनाएं: त्रिपाठी**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान संचालक डॉ. विवेक त्रिपाठी ने कहा कि किसानों को खरीफसीजन में केवल धान पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि धान लगाने से पहले जूट की खेती करने से किसानों को अतिरिक्त आमदनी का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि जूट खेती से किसानों की पारिश्रमिकता बढ़ेगी और आजीविका के नए रास्ते खुलेंगे।



**शोधकर्ताओं ने साझा किए आधुनिक तकनीक के अनुभव**

डॉ. प्रज्ञा पांडे (जूट परियोजना की सह-अन्वेषक) ने जूट की उन्नत खेती पद्धतियों पर विस्तार से बताया। डॉ. अरुण उपाध्याय ने एंजाइमेटिक रेटिंग तकनीक पर प्रस्तुति दी, जिससे जूट फाइबर की गुणवत्ता का आकलन किया जा सकता है।

**किसानों की सक्रिय भागीदारी:** सम्मेलन में रायपुर और धमतरी जिले के 30 से अधिक किसान शामिल हुए। किसानों ने मशीन प्रदर्शन, जूट प्रसंस्करण और फाइबर गुणवत्ता परीक्षण को प्रत्यक्ष रूप से देखा और सीखा।

वर्तमान खरीफमौसम में धमतरी जिले में 4 एकड़ भूमि पर जूट की खेती की जा रही है।किसानों ने आगामी वर्ष में जूट की खेती का क्षेत्र बढ़ाने पर सहमति जताई।

**पर्यावरण और अर्थव्यवस्था - दोनों के लिए लाभकारी:** वैज्ञानिकों का मानना है कि जूट खेती से न केवल किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी, बल्कि यह प्लास्टिक के विकल्प के रूप में एक टिकाऊ समाधान भी प्रदान करेगी। राज्य सरकार इस परियोजना को अधिक जिलों तक विस्तार देने की योजना पर काम कर रही है।

# मामूली विवाद में युवक की हत्या करने वाले तीन सगे भाइयों को उम्रकैद

**रायपुर, 14 अक्टूबर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में करीब 10 महीने पहले हुई एक युवक की हत्या के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। तीन सगे भाइयों योगेश उर्फ गब्बू डहरिया, संजय डहरिया और घासीराम डहरिया को उम्रकैद और प्रत्येक को 2-2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माने की राशि अदा न करने पर दो-दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह निर्णय रायपुर स्थित एससी-एसटी (पी.ए.) एक्ट विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की अदालत ने सुनाया।

यह मामला गुढ़ियारी क्षेत्र के कुकरी तालाब का है। 28 दिसंबर 2024 की शाम मृतक सत्यनारायण उर्फ सत्तू अपने घर के सामने बैठा था, तभी तीनों आरोपियों से विवाद हो गया। बताया गया कि आरोपियों के बच्चों ने घर जाकर बताया कि सत्तू उन्हें मारने के लिए दौड़ा रहा है, जिससे विवाद गहराया। इसी दौरान संजय डहरिया ने सत्तू के सिर पर डंडे से लगातार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से सत्तू बेहोश हो गया। इसके बाद तीनों भाई उसे उसके घर के दरवाजे के सामने छोड़कर चले गए। स्थानीय लोगों की मदद से सत्तू को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोहिते ने कोर्ट को बताया कि सिर्फएक मामूली कहासुनी के चलते तीनों आरोपियों ने मिलकर युवक की जान ले ली। पुलिस द्वारा मौके से जुटाए गए सबूत, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और आरोपियों के बयान कोर्ट में पेश किए गए। अभियोजन पक्ष ने अदालत से अधिकतम सजा की मांग की।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26